सतना
05 जून 2024 बुधवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



टी20 वर्ल्ड कप...

संक्षिप्त समाचार

## नागौर में डंके की चोट पर जीते हनुमान बेनीवाल

● बीजेपी प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने लगाया हार का 'चौका'

**नागौर (एजेंसी)।** राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार हनुमान बेनीवाल ने बड़ी जीत दर्ज की है। बेनीवाल ने भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को 52,341 मतों से पराजित किया। पिछले चुनाव में हनुमान बेनीवाल भाजपा के समर्थित प्रत्याशी थे जबकि इस बार उन्होंने भाजपा से नेता तोड़ लिया और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद बेनीवाल को एक बार फिर नागौर से बड़ी जीत हासिल हुई है। हनुमान बेनीवाल लगातार दूसरी बार लोकसभा सांसद बने हैं। अब एक बार फिर लोकसभा में हनुमान बेनीवाल की दहाड़ गूंजेगी।



## मध्यप्रदेश में भाजपा की सुनामी, सभी सीटें जीती

● इंदौर में शंकर लालवानी ने दर्ज की देश में सबसे बड़ी जीत ● छिंदवाड़ा में 26 साल बाद भाजपा की जीत, लहराया परचम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर काउंटिंग संपन्न हो गई है। भोपाल, इंदौर, गुना, टीकमगढ़, मंदसौर और खजुराहो समेत भाजपा सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। राजगढ़ में भाजपा कैंडीडेट से पीछे चल रहे दिग्विजय सिंह ने दो जगह काउंटिंग रुकवा दी। इंदौर में भाजपा के शंकर लालवानी 11 लाख की लीड के साथ देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। छिंदवाड़ा में भाजपा 26 साल बाद जीत दर्ज की है। बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि 27 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी की जीत लगभग सुनिश्चित हो गई है। भाजपा कार्यालय में जश्न शुरू हो गया है। नेता और पदाधिकारी भारती पारधी को बधाई दे रहे हैं। जीत की खुशी में पटाखे फोड़े जा रहे हैं।



## नासिक में एयरफोर्स का सुखोई क्रैश, खेत में गिरा

**नासिक (एजेंसी)।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई मंगलवार को नासिक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के पास था। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डीआर कराले ने बताया कि सुखोई विमान के पायलट और को-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव के पास एक खेत में गिरा। राजस्थान के पोकरण में हुए भारत शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल तेजस फाइटर जेट 27 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे क्रैश हो गया था। यह जैसलमेर शहर से 2 किमी दूर जवाहर नगर स्थित भील समाज के हॉस्टल पर जा गिरा। तेजस के क्रैश होने की यह पहली घटना थी।

**दोनों पायलट सुरक्षित**

● ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के पास था विमान



## बाजार 5.74 फीसदी टूटा, निवेशकों के 31 लाख करोड़ डूबे

● सेंसेक्स 4389 अंक गिरकर 72,079 पर बंद, सरकारी बैंकों का इंडेक्स 15 फीसदी नीचे

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन आज यानी, 4 जून को सेंसेक्स 4389 अंक (5.74 फीसदी) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 1,379 अंक (5.93 फीसदी) की गिरावट रही, ये 21,884 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 शेयरों में तेजी रही। बीएसई और एनएसई के शेयरों में करीब 15 फीसदी की गिरावट रही। पावर ग्रिड के शेयर 12 फीसदी से ज्यादा नीचे है। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में करीब 5.74 फीसदी की तेजी रही। सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट रही। निफ्टी एस बैंक इंडेक्स 15.14 फीसदी टूटा है। ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 11.80 फीसदी की गिरावट रही। निफ्टी मेटल में 10.63 और रियल्टी में 9.62 फीसदी की गिरावट रही। ऑटो सेक्टर भी 3.33 फीसदी नीचे बंद हुआ।

## मोदी का दबदबा तो दिखा लेकिन... कमजोर रही जीत

● भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजों पर बोला विदेशी मीडिया

**इस्लामाबाद-** भारत में हुए लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे काफी हद तक साफ हो गए हैं। भाजपा और सहयोगी दल बहुमत के 272 के आंकड़े को पार कर गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी भारतीय चुनाव पर रिपोर्ट कर रहा है। दुनिया के कई देशों के मीडिया ने चुनाव नतीजों पर कमेंट किया है। बीबीसी न्यूज ने कहा है कि नतीजों में मोदी की बड़ी चुनावी जीत की उम्मीदें धूमिल हुई हैं। यूके से स्काईन्यूज ने कहा कि बीजेपी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दूसरे देशों से भी चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में सत्ताधारी भाजपा की निगाहें तीसरी बार सरकार बनाने पर है। अखबार कहता है कि विवादों के बावजूद नरेंद्र मोदी भारत के लोकप्रिय नेता हैं। पाकिस्तान के अखबार डॉन ने लिखा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन को स्पष्ट बहुमत लेकिन विपक्षी दलों का भी शानदार प्रदर्शन। बीबीसी इंग्लिश ने कहा है कि भारत में चुनाव नतीजों में भाजपा की बड़ी जीत की उम्मीदों को झटका।



# एनडीए को बहुमत ...लेकिन बीजेपी पिछड़ी

● सहयोगी रहेंगे हावी, सत्ता की चाबी नीतिश और नायडू के पास रहेगी ● जातिगत जनगणना और मुस्लिम आरक्षण का दबाव बनाएंगे सहयोगी ● अब धरा रह जाएगा बीजेपी का कोर एजेंडा, यूपी ने सबसे बड़ा झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देर शाम तक क के नतीजों के मुताबिक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बन रही है, लेकिन इस बार सत्ता की चाबी एनडीए के दो बड़े पार्टनर नीतिश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के हाथों में रहेगी। ऐसे में बीजेपी को अपने कोर एजेंडे को आगे ले जाने में धक्का लग सकता है। ट्रेंड के मुताबिक बीजेपी 244 सीटों पर आगे चल रही है। टीडीपी 16 और जदयू 14 सीटों पर आगे हैं। बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होगी। इस बेस पर इन पार्टियों के पावर का डिस्ट्रीब्यूशन करें, तो 89 फीसदी पावर बीजेपी के पास और 5.5-5.5 प्रतिशत जदयू और टीडीपी के पास है। देखने में 5.5 फीसदी का पावर मीटर भले छोटा हो, लेकिन सरकार गिराने के लिए काफी है। हमने बहुमत के आंकड़े यानी 272 को 100 फीसदी मानते हुए पावर मीटर निकाला है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान, नीतिश कुमार ने रैलियों में कहा कि उन्होंने अपने शासनकाल में सांप्रदायिक सद्भाव बरकरार रखा। अल्पसंख्यकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई। भाजपा के साथ होने के बावजूद नीतिश कुमार ने अल्पसंख्यक समुदाय को यह संदेश दिया है कि वह भाजपा के साथ गठबंधन के बावजूद उनके हितों की रक्षा करना जारी रखेंगे। भाजपा में शामिल होने से पहले नीतिश ने आरक्षण पर बहस छेड़ दी थी और बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण भी करवाया था। जेडीयू जाति जनगणना के पक्ष में है।









## संविधान बचा लिया, नरेंद्र मोदी की यह नैतिक हार

**नतीजों के बाद संविधान दिखाकर बरसे राहुल गांधी**



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी सामने आए हैं। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि हम यह लड़ाई सिर्फ मोदी से नहीं थी बल्कि संस्थाओं से भी थी। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में पहले से ही था कि हिन्दुस्तान की जनता अपने संविधान के लिए खड़ी होगी। इन लोगों ने जब हमारे खाते सीज किए और मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला तो हमें यह यकीन हो गया था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके साथ सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी थीं। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन जहां भी लड़ा, वहां एकता के साथ मुकाबला हुआ।

**खरगे बोले-**

● **अब यकीन है कि संविधान बचा रहेगा-** खरगे ने कहा कि लोगों को यह विश्वास हो गया था कि यदि नरेंद्र मोदी को एक और मौका मिला तो अगला हमला संविधान पर होगा। अब हमें यकीन है कि इस षड्यंत्र में भाजपा सफल नहीं हो पाएगी। इस जीत का क्रेडिट खरगे ने राहुल गांधी को दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दोनों यात्राओं के दौरान लाखों लोग जुड़े थे। सभी एक साथ मिलकर एक स्वर में रहे और मिलकर प्रचार

## मंडी सीट पर कंगना रनौत की बड़ी जीत

● विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से दी मात

नई दिल्ली (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बड़ी खबर सामने आ रही है। मंडी से बीजेपी की तरफ से मैदान में उतरीं कंगना रनौत ने भारी मतों के साथ जीत दर्ज की है। सामने आ रहे आंकड़ों के मुताबिक, कंगना रनौत ने कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 70 हजार से अधिक वोटों से मात दी है। गौरतलब है कि मंडी शुरुआत से ही हाई प्रोफाइल सीट बनी हुई थी। इस सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हालांकि, अब नतीजे साफ हो चुके हैं।



## ओडिशा में 24 साल का पटनायक राज अब खत्म

● बीजेपी 78 सीटों पर जीती, आंध्र में एनडीए सरकार, 162 सीटें जीती



**भुवनेश्वर/अमरावती (एजेंसी)।** ओडिशा में 24 साल से सत्ता में काबिज नवीन पटनायक के हाथ से सत्ता जाती दिख रही है। अब तक के रुझान में बीजेपी 147 में से 80 सीटों पर आगे चल रही है। एग्जिट पोल में बीजेपी और बीजेडी में कांटे का मुकाबला बताया गया था। पोल में नवीन पटनायक की बीजेडी और भाजपा को, दोनों को 62-80 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। वहीं, आंध्र प्रदेश में एनडीए (भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी) सरकार बनाता दिख रहा है। मौजूदा सीएम जगन मोहन रेड्डी की वायएसआरसीपी को खासा नुकसान हो रहा है। एग्जिट पोल में भी इस बार सत्ता बदलने का अनुमान जताया गया था। 5 एग्जिट पोल में एनडीए तो दो में सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार बनते दिख रही है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी 2019 से सत्ता में हैं। जगन मोहन ने पिछली बार 175 में से 151 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की थी।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल चुनाव हार्

● कोरबा में कांग्रेस को बढ़त

**रायपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के नतीजे आ गए हैं। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए मतगणना खत्म हो गई है। अब तक के रुझानों में भाजपा 10 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं कोरबा से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत आगे हैं। हालांकि राजनांदगांव से पूर्व सीएम भूपेश बघेल चुनाव हार चुके हैं। अभी तक आंकड़ों के मुताबिक, रायपुर से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग से विजय बघेल, राजनांदगांव से संतोष पांडेय और रायगढ़ से राधेश्याम राठिया की जीत तय मानी जा रही है। प्रदेश में चुनाव में 3 सांसद, 1 पूर्व सांसद भी लड़ रहे थे।

## भाजपा के साथ आते ही 'रोशन' हुआ पासवान का चिराग

**बिहार में चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहा**

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के रुझान अगर नतीजों में तब्दील हुआ तो चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी का साथ मिलते ही रामविलास पासवान का चिराग रोशन हो गया। इससे लोक जनशक्ति पार्टी के असली वारिस का भी फैसला होता दिख रहा है। बिहार में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पांच सीटों पर चुनाव लड़ी है और काउंटिंग में सभी सीटों पर एलजेपीआर के कैंडीडेट आगे चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चौंकाने वाले आते दिख रहे हैं। एनडीए के उम्मीद के मुताबिक देश में रिजल्ट नहीं आ रहा है। यूपी में बीजेपी को काफी नुकसान होता दिख रहा है। बिहार में भी बीजेपी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं दिख रहा है। यहां पर एनडीए को को करीब 31 सीटें मिलती दिख रही हैं। इनमें चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (रामविलास) को काफी फायदा हुआ है। चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी दिख रहा है। बिहार एनडीए सभी सीटों पर चुनाव लड़ी है।



## बदल गई कश्मीर की हवा चुनावों में उमर और महबूबा दोनों हारे

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हुए पहले संसदीय चुनावों में राज्य की सियासी हवा बदलती नजर आ रही है। सात चरणों में हुए लोकसभा चुनावों की हो रही मतगणना में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री हार की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ पीडीपी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से एक लाख 74 हजार 664 वोटों से आगे हैं। महबूबा के लिए यह बड़ा अंतर है। दूसरी तरफ नेशनल कांफ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी बारामूला सीट पर पिछड़ते दिख रहे हैं। इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद उनसे करीब 89000 वोटों से आगे चल रहे हैं। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बारामूला लोकसभा सीट से जीतने की उम्मीद थी। अब्दुल्ला ने पत्रकारों से कहा, ''उतार-चढ़ाव होंगे लेकिन अंतिम परिणाम हमारे पक्ष में होंगे।'' बहरहाल, घाटी की एक और सीट श्रीनगर से नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी पीडीपी के वाहिद उर रहमान पारा से एक लाख 20 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। निर्वाचन आयोग के रुझानों के अनुसार, जम्मू संभाग के उधमपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह करीब 59000 मतों से आगे चल रहे हैं जबकि जम्मू से मौजूदा सांसद जुगल किशोर शर्मा 103,136 मतों से बढ़त बनाये हुए हैं। कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।





## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य शासन ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है। समिति मे अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, ऊर्जा,वित्त, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, को सदस्य बनाया गया हैं। अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, सदस्य सचिव होंगे। एवं चेयरमैन, स्टेट लैवल बैंकर्स कमेटी, सह सदस्य सचिव होंगे। समिति द्वारा योजना के सभी घटकों के अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय, सभी सरकारी भवनों को रूफटॉप सोलर से संतृप्त करने की कार्ययोजना तैयार करना। कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करना। विशेष रूप से, सरकार की अन्य योजनाओं के लाभार्थियों में, रूफटॉप सोलर के लिए जागरूकता, क्षमता निर्माण और योजना क्रियान्वयन के लिए मैदानी स्तर पर विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना। योजना की प्रगति की नियमित (अधिकतम 3 माह में) समीक्षा करना, ताकि समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। योजना को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करना। योजना क्रियान्वयन के संबंध में भारत सरकार के नवीन और नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ समन्वय करना और राज्य में योजना क्रियान्वयन में सुधार के उपाय सुझाने का दायित्व निर्वहन किया जाऐगा।

### प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट परीक्षा - ब्रीफिंग की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कर्मचारी चयन मण्डल की प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट परीक्षा 8 एवं 9 जून को भोपाल के 5 परीक्षा केन्द्रों में होगी। संयुक्त आयुक्त विकास श्री सुदर्शन कुमार सोनी ने बताया कि ब्रीफिंग की बैठक 05 जून को दोपहर 12ः00 बजे से आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयुक्त के निर्देशन में रखी गई है। बैठक में सभी केन्द्राध्यक्ष,ऑब्जर्वर एव अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

### सुंदरकांड पारिवारिक मंडल 8 जून को करेगा भक्तों का सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एक शाम छींद वाले दादा जी के नाम श्रृंखला के तहत भोपाल के परशुराम मंदिर शिवाजी नगर में 8 जून को सुंदरकांड के 12वें पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुंदरकांड पारिवारिक मंडल द्वारा सकल समाज के उन सभी धर्म प्रेमी बंधुओं का सम्मान किया जाएगा, जिनका जन्मदिन,वैवाहिक वर्षगांठ जून माह में होगा। बता दें कि संस्था हर माह के प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड के पाठ का आयोजन करती है। उल्लेखनीय है कि संस्था ने विगत 11 पाठों में 385 भक्तों का सम्मान किया है। कार्यक्रम का आयोजन परशुराम मंदिर शिवाजी नगर भोपाल में शाम 6 से 8.30 तक होगा।

### राधारमण ग्रुप भोपाल के छात्रों को मिलेगा प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट भोपाल में छात्रों को सरकारी नौकरी में सफलता के लिए निजी कंपनी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कॉलेज में प्रशासनिक सेवाओं के लिए होने वाली परीक्षाओं में सफलता के लिए स्पेशल क्लासेस लगाई जाएंगी। ग्रुप के चेयरमैन राधारमण सक्सेना ने बताया कि राधारमण ग्रुप अपने विद्यार्थियों को विश्वतरीय सुविधाएं देने के लिए जाना जाता है। आगे भी हम अपनी इस परंपरा को कायम रखेंगे। हम छात्रों को प्रशासनिक सेवाओं जैसे आईएएस, पीएससी, पटवारी, रेलवे, एसआई, गेट, डीआरडीओ, इसरो सहित अन्य सरकारी नौकरियों एवम पब्लिक सेक्टर में नौकरी के लिए होने वाले एग्जाम की तैयारी कराएंगे। जिसके लिए निजी कंपनी छात्रों को प्रशिक्षण देगी।

### सिख संस्कार शाला में शामिल बच्चों की परीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सिखों के कितने गुरु हैं, इनके नाम क्या है, सिख वर्णमाला में कितने अक्षर है? ऐसे कई सवाल रविवार को ईदगाह हिल्स टेकरी गुरुद्वारा में हुई लिखित और मौखिक परीक्षा में पूछे गए। परीक्षा में 5 से 15 साल तक के बच्चे और किशोर शामिल हुए। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष परमवीर सिंह ने बताया कि बच्चों का परीक्षा परिणाम 5 जून को आयोजित एक समारोह में घोषित किया जाएगा। जहां उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। ईदगाह हिल्स टेकरी गुरुद्वारा भोपाल में सिख संस्कार शाला के बच्चों की लिखित और मौखिक परीक्षा 2जून को आयोजित की गई। पिछले दिनों भोपाल के विभिन्न गुरुद्वारा में चलाई गई सिख संस्कार पाठशाला में शामिल बच्चे इस परीक्षा में बैठे। जिसमें सिख धर्म से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए।

# एक प्लेटफार्म पर आएगीं देश की सभी विधानसभाएं, मध्यप्रदेश में लागू होगी ई-विधान परियोजना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की विधानसभा एक वर्ष के भीतर पेपरलेस हो जाएगी। सभी काम आनलाइन होंगे। यहां तक की सदस्यों को सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्न भी आनलाइन स्क्रीन पर नजर आएंगे। इसके लिए सभी सदस्यों के टेबल पर स्क्रीन लगेगी। 23 करोड़ रुपये की इस ई विधान परियोजना को लेकर सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में संसदीय कार्य मंत्रालय, विधानसभा सचिवालय और संसदीय कार्य विभाग के बीच अनुबंध हुआ। प्रदेश में ई-विधान परियोजना को लागू करने की तैयारी पिछले दो-तीन वर्ष से चल रही है। इसको लेकर केरल समेत अन्य राज्यों का दौरा विधानसभा सचिवालय के अधिकारी कर चुके हैं। केंद्र सरकार का संसदीय कार्य मंत्रालय इस परियोजना के लिए 60 प्रतिशत राशि देने भी तैयार है। नरेन्द्र सिंह



तोमर के विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद इस काम में तेजी आई और सोमवार को अनुबंध हो गया। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि ई विधान परियोजना का तेजी के साथ क्रियान्वयन किया जाएगा। अभी विधान सभा कार्यवाही के कम्प्यूटरीकरण, प्रश्नों व अन्य सूचनाओं को सदस्यों से लेकर विभागों से ऑनलाइन जवाब प्राप्त करने की व्यवस्था है। अनुबंध होने के बाद अब ई विधान परियोजना पर तेजी से काम होगा। इस अवसर पर उपस्थित संसदीय मंत्रालय के सचिव उमंग नरूला ने कहा कि नए संसद भवन के समन्वय कक्ष में यह पहला अनुबंध मध्य प्रदेश विधानसभा से हुआ है। अन्य राज्यों ने मध्य प्रदेश से सीखा है। संसदीय कार्य मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना केंद्र द्वारा मिशन मोड प्रोजेक्ट के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा।

अनुबंध पत्र पर विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह,संसदीय कार्य मंत्रालय अपर सचिव डा.सत्य प्रकाश और मध्य प्रदेश शासन की ओर से अपर सचिव संसदीय कार्य विभाग राजेश गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। ई विधान व्यवस्था का उद्देश्य देश की सभी विधानसभाओं को एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म पर लाना है। इससे एक-दूसरे के नवाचार पता लगेंगे और विचारों का आदान प्रदान भी होगा। इस व्यवस्था लागू होने के बाद विधानसभा के कागज में खर्च होने वाले करोड़ों रुपये प्रतिवर्ष बचेंगे।

## एम्स में 2 माह के बच्चे का ऑपरेशन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एम्स भोपाल पहली बार दुर्लभ और जटिल जन्मजात ह्रदय की बीमारी से ग्रस्त 3 बच्चों का जीवन बिना ऑपरेशन किये अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर भूषण शाह और उनकी टीम के द्वारा बचाया गया। जिसमें से दो बच्चों की उम्र 1 साल से भी कम थी और तीनों ही ह्रदय की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। पहले मामले में 2 महीने की बच्ची जिसका वजन 2द्मद्द था । उसके ह्रदय की दोनों धमनियां जुड़ी हुई थी। पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस (पी डी ए) ह्रदय की जन्मजात खराबी है जो कि तब होती है जब जन्म के समय भ्रूण की पल्मोनरी धमनी और एओर्टा के बीच का सामान्य चैनल बंद नहीं होता। जिसके कारण उसका हार्ट फेल होने की स्थिति में था। ऐसे में ऑपरेशन करना लगभग नामुमकिन था क्योंकि बच्ची की जान भी जा सकती थी। कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर भूषण शाह ने इकोकार्डिओग्राफी की मदद से कमर की एक नस के माध्यम से नीतिनोल डिवाइस के द्वारा बिना सर्जरी के इस चैनल को बंद किया।

**केस-1**

एम्स की इमरजेंसी में आए दो माह के बच्चे को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जांच में पता चला कि बच्ची के ह्रदय की दोनो धमनियां आपस में जुड़ी हुई थी। इसे पेटेंट डक्टस आर्टेरियोसस (पी डी ए) कहा जाता है जो कि जन्मजात होता है। इसमे जन्म के समय भ्रूण की पल्मोनरी धमनी और एओर्टा के बीच का सामान्य चैनल बंद नहीं होता। जिसके कारण उसका हार्ट फेल होने की आशंका रहती है। ऐसे में आपरेशन करना लगभग नामुमकिन था क्योंकि बच्ची की जान भी जा सकती थी। एम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूषण शाह ने बताया कि इकोकार्डिओग्राफी की मदद से कमर की एक नस के माध्यम से नितिनोल डिवाइस के द्वारा बिना सर्जरी के इस चैनल को बंद किया। इस प्रक्रिया के बाद बच्ची मां का दूध भी पीने लगी और हर्ट फेलियर के लक्षण भी कम होने लगे।

**केस-2**

11 माह की बच्ची को सांस लेने में दिक्कत होती थी और वह दूध तक नहीं पी पाती थी। बच्ची का वजन कम होने के साथ छाती में खिंचाव की समस्या थी। जांच में पता चला कि बच्ची एक दुर्लभ जन्मजात ह्रदय दोष एओर्टोपल्मोनरी विंडो (0.1 से 0.6 प्रतिशत सीएचडी) है।

## भीषण गर्मी के कारण सुबह की पाली में लगेंगे सरकारी स्कूल, शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी स्कूलों का समय सुबह की पाली में किया जा सकता है। इस संबंध में मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें आदेशित किया गया है कि प्रदेश में अत्यधिक गर्मी के कारण जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) द्वारा सरकारी स्कूलों का समय में बदलाव किया जा सकता है। वर्तमान में सरकारी स्कूलों का समय सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित हो रहा है, जिसे स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित किया जा सकता है।



लेकिन स्कूलों के संचालन की कुल अवधि में कमी नहीं की जाए। वहीं आदेश में लिखा गया है कि परीक्षाएं पूर्व से निर्धारित समय अनुसार ही संपन्न होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 15 जून तक के लिए प्रभावी रहेगा। इस आदेश के बाद भोपाल जिले के स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन का आदेश डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में लिखा है कि सरकारी स्कूलों का समय सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय अनुसार ही संचालित होंगी। बता दें कि एक जून से शिक्षकों का ग्रीष्मावकाश समाप्त हो गया है।

## नर्मदापुरम रोड से बीआरटीएस हटने के बाद ज्यादा कट प्वाइंट देने से बढ़ रही है सड़क दुर्घटना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राजधानी में नर्मदापुरम सड़क मार्ग हादसों का सबब बनता जा रहा है, बीआरटीएस कारिडोर हटने के बाद यहां चौड़ी हुई सड़कों पर दो और चार पहिया वाहन के चालक फर्राटे भर रहे हैं, जिसकी जहां मर्जी हो , वह उस तरफ मुड़ जाता है, इसके कारण आमने - सामने वाहनों के आने के कारण टकरा रहे हैं। इस मार्ग पर बीआरटीएस हटने के बाद करीब सवा सौ हादसे हो चुके हैं और तीन मौतें हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस को इस मार्ग पर लापरवाही पूर्वक वाहन चालकों को रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। इन फर्राटे भरते वाहनों को रोकने के लिए पुलिस के



पास कोई रणनीति नहीं है। हम बता दें कि संत हिरदाराम नगर से लेकर मिसरोद तक का बीआरटीएस कारिडोर को हटाने की कार्रवाई सुस्त रफ्तार से चल रही है, हालत यह है कि नर्मदापुरम मार्ग हाईवे जहां पर वीर सावरकर सेतु से नीचे उतरकर थाना बागसेवनिया तक सड़क पर सीमेंट के स्टापर बीच में रखवा दिया है, इसके आगे बावड़ियां ब्रिज के मुड़ने के लिए पुलिस एक कट प्वाइंट छोड़ दिया है, जिससे अचानक से सड़क पर चलते- चलते वाहन चालक मुड़ जाता है और पीछे से आ रहे वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार होते - होते बचता है, वाहन के मुड़ने से कट प्वाइंट पर मिसरोद की तरफ से आने वाहन चालक के सामने आने वाले टकराने से भी बचते हैं। बीआरटीएस कारिडारे के समय इस मार्ग को पूरी तरह बंद कर रखा था तो वाहन चालक को पूरा चक्कर लगाकर ब्रिज पर आना होता है, ऐसा ही दानिश नगर के सामने वी मार्ट के सामने के हालत बन रहे हैं। जहां तो जिसकी जहां मर्जी वहां से मुड़ रहा है। कोई रोकने और रोकने वाला नहीं है। तब इस मार्ग पर ट्रैफिक और थाना पुलिस के चेकिंग प्वाइंट शाम को लग जाते हैं, लेकिन उनको इन कट प्वाइंट से मुड़ने वाले वाहन चालकों से कोई लेना देना नहीं है।

## मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को मिला अंतर्राज्यीय व्यापार का लाइसेंस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** विद्युत नियामक आयोग ने मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को राज्य में विद्युत व्यापार के लिए श्रेणी-ई के अंतर्गत अंतर्राज्यीय व्यापार लाइसेंस देने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा ट्रेडिंग लाइसेंस के अनुदान के लिए पात्रता मानदंड, ट्रेडिंग लाइसेंसधारी के कर्त्तव्य, नियम व शर्तें विनियम 2004 में निर्दिष्ट सभी तकनीकी और वित्तीय मानदंडों को पूरा किया है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को ट्रेडिंग लाइसेंस मिलना मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को अंतर्राज्यीय व्यापार लाइसेंस मिलने से थर्मल पॉवर स्टेशन की ऊर्जा प्रभार दर (परिवर्तनीय लागत) को कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी। इस कमी के कारण एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी की बिजली खरीद लागत को कम करेगी। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को विभिन्न मोड के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने या उससे नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने की अनुमति है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 63 के अंतर्गत स्थापित संयंत्रों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने की अनुमति है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी धारा 63 यानी प्रतिस्पर्धी बोली के तहत् चयनित सौर परियोजना डेव्लपर द्वारा स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र से बिजली खरीदेगा। थर्मल बिजली के साथ-पॉवर जनरेटिंग कंपनी खरीदी गई नवीकरणीय ऊर्जा को पूर्व-चिह्नित थर्मल उत्पादन स्टेशन की थर्मल बिजली के के साथ बंडल करेगा ताकि ऐसी नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग मौजूदा पॉवर परचेस एग्रीमेंट के अनुसार एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी को बिजली की आपूर्ति के लिए किया जा सके।

# खास किस्म के पौधों से होगा झील का पानी साफ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल को झीलों की नगरी के नाम से जाना जाता है। लेकिन, शहर की एक ऐसी झील है जो खत्म होने की कगार पर आ गई। भोपाल में चार इमली स्थित जवाहर बाल उद्यान झील के हालत बदतर हो गए हैं। झील सीवेज के पानी के डिस्चार्ज और कई तरह के तत्वों से दूषित हो रही है। इस झील को साफ करने का जिम्मा भोपाल की 12वीं कक्षा की छात्रा एशना अग्रवाल ने उठाया है। एशना ने जवाहर जवाहर बाल उद्यान झील और उसके आसपास के क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की परियोजना शुरू की है, जो लगभग 49,224 वर्ग मीटर में फैली हुई है। जिस तकनीक से झील की सफाई की जाएगी,



वह भोपाल में पहली बार 5 जून को वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे पर इस्तेमाल की जाएगी। एशना ने बताया कि फ्लोटिंग वेटलैंड्स, फ्लोटिंग एरेटर और बायो फिल्टर जैसी तकनीकों के जरिए इस झील को पुनर्जीवित किया जा सकता है। एशना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बताया कि इससे पहले यह तकनीक इंदौर में इस्तेमाल की जा चुकी है, जिसके रिजल्ट आगे दिखाई देंगे। एशना कहती हैं कि इस झील का पानी डी ग्रेड का पानी है। एशना बताती हैं कि फ्लोटिंग वेटलैंड्स जो एक नेचुरल तरीका है। जिससे इस झील को पूरी तरह से शुद्ध किया जा सकेगा। सरल भाषा में समझे तो फ्लोटिंग वेटलैंड्स एक तरह का ढांचा होता है। जो पानी की सतह पर तैरते हैं। इन पर विशेष प्रकार के पौधे लगाए जाते हैं, जिनकी जड़ें पानी में लटकी रहती हैं। फ्लोटिंग वेटलैंड्स के पौधे पानी में मौजूद हानिकारक तत्वों को खाने का काम करते हैं। यह एक तरह के फिल्टर का काम करती हैं जिससे पानी के प्रदूषण का स्तर कम हो जाता है। वेटलैंड्स के पौधे ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं, जिससे पानी में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है, और यह मछलियों और अन्य जल जीवों के लिए फायदेमंद होता है। फ्लोटिंग एरेटर जो एक तरह का फाउंटेन होता है। इनका काम पानी में ऑक्सीजन की गुणवत्ता को बढ़ाना होता है। एशना ने बताया कि पहले से ही कुछ एरेटर झील में मौजूद है।

## विद्यार्थी को बेहतर नागरिक बनाना शिक्षक का कर्तव्य: प्रमुख सचिव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ई.एम.आर.एस.) भोपाल में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ईएमआरएस के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा सह-कार्यशाला का सोमवार को आयोजन किया गया। इसमें भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा, बड़वानी, धार, गुना और नर्मदापुरम जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के 61 प्राचार्य व शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. ई. रमेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव डॉ. कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बीते 2-3 दशकों में जनजातीय विद्यार्थियों के संदर्भ में शिक्षा का परिदृश्य बदला है। पहले जहां विद्यालयों में इनका नामांकन चुनौती हुआ करता था, अब उनका उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करना लक्ष्य होना चाहिए।

इसमें प्राचार्य की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है कि वह अपने भौतिक और मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम प्राप्त करे। अकादमिक के साथ खेल व अन्य सह



अकादमिक गतिविधियों में सह भागिता से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं भी 6वीं से 12वीं तक इसी तरह के हॉस्टल में पढ़ा हूं और आज मैं जो कुछ भी हूं उसका श्रेय उन्हीं शिक्षकों को जाता है। इसके लिए मैं उन्हें आज भी याद करता हूं। विद्यार्थी का जीवन सुधारना और बनाना ही प्राचार्य व शिक्षक का कर्तव्य है। जनजातीय कार्य विभाग की उप सचिव मीनाक्षी सिंह ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों के संबंध में प्राचार्य व शिक्षकों का दायित्व दोगुना हो जाता है। जनजातीय पालक अपेक्षाकृत कम जागरुक होते हैं। आवासीय विद्यालयों में प्राचार्य व शिक्षक ही उनके अभिभावकों की तरह होते हैं। मैं स्वयं भी एक जनजातीय विद्यालय से पढ़ी हूं और आज जो भी हूं उसमें उस विद्यालय की बड़ी भूमिका है। परिणाम समीक्षा के बाद पिरामल फाउंडेशन के द्वारा 'पर्सनल लीडरशिप एंड मोटिवेशनल' विषय पर कार्यशाला के दौरान स्वॉट एनालिसिस और विभिन्न समूह गतिविधियों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जनजातीय कार्य विभाग की अपर संचालक सीमा सोनी ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सीएम राइज विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणामों की विभिन्न समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक संचालक जनजातीय कार्य अनूप हिरवे एवं ज्ञानोदय विद्यालय भोपाल के प्राचार्य नीरज अब्राहम भी उपस्थित रहे।

# सीधी लोकसभा के 3 विधानसभा की मतगणना सिंगरौली में संपन्न

## बीजेपी को 1,15,928 वोटों की लीड, पॉलिटेक्निक कॉलेज में गिने गए 4 लाख से ज्यादा वोट

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सीधी लोकसभा के तीन विधानसभा सिंगरौली, देवसर और चितरंगी की मतगणना देर शाम समाप्त हुई। जहां, सिंगरौली और देवसर की मतगणना 20-20 चरणों में हुई। वही, चितरंगी विधानसभा क्षेत्र की काउंटिंग 22 राउंड में पूरी हुई। मतगणना शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सुबह 8 बजे शुरू हो गई थी। जहां, टोटल 4,23,212 वोट गिने गए। इसमें से बीजेपी के प्रत्याशी राजेश मिश्रा को 2,31,098 और कांग्रेस कैंडिडेट कमलेश्वर इंद्रजीत कुमार को 1,15,170 वोट मिले।




पहले राउंड में बीजेपी 2,089 वोट से आगे थी। पहले राउंड में 19,623 वोटों की काउंटिंग हुई थी जिसमें बीजेपी को 9,054 और कांग्रेस को 6965 वोट मिले है। इसके बाद से ही बीजेपी अपनी लीड बरकरार रखने में कामयाब रही। कुल काउंटिंग में से भीजेपी ने 1,15,928 की लीड प्राप्त की। यहां, तीन स्थानों पर 14-14 टेबल पर 21 राउंड की काउंटिंग की गई।

**कलेक्टर ने जारी किए थे आदेश:** मतगणना स्थल पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने प्रतिबंधत्मक आदेश जारी किए थे। आदेश के तहत मतगणना स्थल पालिटेक्निक कॉलेज की 200 मीटर की परधि एवं तेलाई मोड़ से जिला जेल के सामने तक मेन रोड में लाउडस्पीकर का उपयोग करना जूलूश, रैली या आम सभा तथा पांच या उससे अधिक व्यक्ति का एक साथ रहना प्रतिबंधित था।

साथ ही इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि तक बिना अनुमति मोबाइल फोन, कैमरा, लेपटाप या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक उपकरण मतगणना स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज में उपकरण लेकर जाना एवं साथ रखना प्रतिबंधित था। साथ ही ऐसा कोई भी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया था जिन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी रिटर्निंग अधिकारी से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया था।

## वैढ़न में दिनदहाड़े लूट का प्रयास



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** वैढ़न के कोतवाली थाना अंतर्गत बलियरी में अज्ञात बदमाश ने मंगलवार को एक व्यक्ति पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर मारने की कोशिश की। इस घटना के बाद सिंगरौलीवासी दहशत में हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र गैस फैक्ट्री रोड गनियारी (भारत गैस गोदाम के पास) एक व्यवसायी नेहा इंटर प्राइजेज के कर्मचारी मुन्ना शुक्ला बैंक में रुपए जमा करने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में बाइक सवार दो बदमाश पीछा करते हुए आए और रुपए का बैग छिनने के लिए चाकू से हमला दिया।

घटना के बाद आरोपी एक चाकू और कट्टा फेंक कर घायल मुन्ना शुक्ला की स्कूटी लेकर फरार हो गए। मुन्ना को जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। बदमाश रुपए से भरा बैग नहीं लूट पाए।वहीं मौके पर सीएसपी पीएस परस्ते सहित भारी संख्या में कोतवाली पुलिस जांच में जुटी है।

**खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज:** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

# एमपी के सबसे गर्म पृथ्वीपुर में कैसी कट रही जिंदगी

## सुबह के वक्त चहल-पहल, फिर सन्नाटा, लोग बोले- 50 साल में ऐसी गर्मी नहीं देखी

**मीडिया ऑडीटर, पृथ्वीपुर निप्र।** कूलर की मोटर सुधारने वाले मिस्त्री की दुकान पर खराब मोटरों का ढेर पड़ा है। उसे काम से फुर्सत नहीं है। दुकान पर एक महिला हाथ में मोटर लिए खड़ी है। वह दुकानदार से कहती है- भैया जल्दी से मेरी मोटर पहले सुधार दो। एक किराना व्यापारी दुकान के बाहर रखा सामान समेट रहा है। वह दुकान बंद करने की तैयारी में है। इसी दौरान उसके पास ग्राहक पहुंचता है तो वो कहता है जल्दी बताओ क्या चाहिए, मुझे दुकान बंद करनी है।



ये दोनों तस्वीरें मप्र के निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर की है। जहां हर कोई जल्दी में है, बेचौन और परेशान है। इस बार नौतपा के पांचवें दिन पृथ्वीपुर में सबसे ज्यादा 48.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मप्र के बाकी शहरों के मुकाबले ये सबसे ज्यादा तापमान था। नौतपा खत्म होने के बाद भी यहां 40 डिग्री से ज्यादा तापमान है। दैनिक भास्कर ने मध्यप्रदेश के इस सबसे गर्म कस्बे में पहुंचकर देखा कि भीषण गर्मी में यहां लोगों की जिंदगी कैसे कट रही है, गर्मी का रोजमर्रा के कामों पर क्या असर है? सुबह, दोपहर और शाम के वक्त लोगों का रूटीन कैसा है।

**निवाड़ी जिले में क्यों पड़ती है इतनी गर्मी:** एक्सपर्ट कहते हैं कि निवाड़ी जिला पथरीला इलाका है और यहां ग्रेनाइट पत्थरों की खदानें है। सूर्य की सीधी किरणें इन पत्थरों पर पड़ती है, इसकी वजह से पूरे इलाके में लू चलती है। इस बार नौतपा में निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर का तापमान 48.7 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। इस बारे में आईएमडी, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह कहते हैं कि ट्रफ लाइन, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर कम होने से गर्मी का असर बढ़ गया। इसके बाद शुष्क वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया। इसके बाद पाकिस्तान, राजस्थान होते हुए गर्म हवाएं प्रदेश में आने लगीं। इससे टेम्प्रेचर बढ़ गया और तेज गर्मी पड़ी।

**कैसे हो रही है पृथ्वीपुर के लोगों की दिन की शुरुआत:** 2011 की जनगणना के मुताबिक पृथ्वीपुर तहसील की आबादी 2 लाख से ज्यादा है, ज्यादातर लोग ग्रामीण इलाके में रहते हैं। सुबह के वक्त निवाड़ी कस्बे में तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका था।

लोग अपने रोजमर्रा के कामकाज निपटाने में व्यस्त थे। इस दौरान उत्कृष्ट स्कूल के पास मुलाकात हुई हलकाई किसान से। जो अपने खेत से वापस लौट रहे थे। हलकाई ने बताया कि सुबह 4 बजे ही खेत पर पहुंच जाता हूं और दस बजे तक काम करता हूं। इसके बाद पूरे दिन घर पर ही रहता हूं। शाम को 6 बजे जब धूप कम होती है, तो फिर खेत पर जाता हूं। हलकाई से पूछा कि 48 डिग्री तापमान में फसलों की क्या हालत है तो बोला- फसल तो पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। अरहर की फसल तो पूरी तरह से सूख गई है। पानी भी काम नहीं आ रहा है। सब्जियों की खेती करने वाले किसान भी परेशान है।

**लोग बोले- अघोषित बिजली कटौती से परेशान:** इसके बाद कृषि उपज मंडी के सामने यादव फैमिली रेस्टोरेंट चलाने वाले अनिल कुमार यादव से हमारी बात हुई। यादव के रेस्टोरेंट में चाय पीते पीते गर्मी को लेकर बातचीत हुई। उनसे पूछा कि यहां के लोगों की दिन की शुरुआत कैसे होती है, तो बोले कि लोग जल्दी- जल्दी अपने सारे कामकाज निपटाते हैं। सभी की कोशिश होती है कि दस बजे तक सारे काम निपटा कर घरों में रहे, क्योंकि उसके बाद तो तेज लू चलने लगती है। वे बोले- इसकी एक वजह बिजली कटौती भी है। सुबह- शाम मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित कटौती होती है। दिन में बिजली कटौती का इतना फर्क नहीं पड़ता मगर रात में कटौती होती है तो नींद पूरी नहीं होती।

**गर्मी इतनी कि स्मार्टफोन ने काम नहीं किया, चलती बाइक बंद हो गई:** दोपहर के 12 बजने वाले थे इस दौरान देखा कि दो युवा बाइक को घसीटते हुए पृथ्वीपुर की तरफआ रहे हैं। पहले तो लगा कि टायर पंक्चर हो गया, लेकिन जब दोनों पास पहुंचे तो देखा कि टायर ठीक था। उनसे बाइक के साथ पैदल चलने का कारण पूछा तो बोले कि वे लड़वाड़ी गांव के रहने वाले हैं। पृथ्वीपुर आ रहे थे कि डेढ़ किमी पहले बाइक का इंजन एक झटके से बंद गया। क्या हुआ कुछ समझ नहीं आ रहा इसलिए मैकेनिक की तलाश कर रहे हैं।

तभी वहां से गुजरे डेंटल क्लीनिक पर काम करने वाले मुकेश गोस्वामी। दोनों युवकों की हालत देखकर वे बोले, दो दिन पहले मेरे बेटे के साथ भी ऐसा ही हुआ था। वह निवाड़ी से एग्जाम देकर लौट रहा था इस दौरान उसकी गाड़ी का इंजन सीज हो गया। मैकेनिक को दिखाया तो उसने कहा कि हीटवेव की वजह से ऐसा हुआ। अब चार हजार रु. का खर्च है। इसी दौरान जब हमने शूट करने के लिए अपना स्मार्टफोन निकाला तो, हीटवेव की वजह से कैमरा बार-बार बंद हो रहा था। स्मार्टफोन बुरी तरह से गर्म हो चुका था। ऐसा लगा कि फोन ब्लास्ट हो जाएगा। वहीं पास खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि यहां तापमान इतना होता है कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के हैंग होने की शिकायत होती है।

**दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा:** दोपहर के करीब 2 बजे पृथ्वीपुर के मेन मार्केट में पहुंचे, तो सड़क पर सन्नाटा पसरा हुआ था। इक्का दुक्का दुकानें खुली थी। इन्हीं में एक गुप्ता किराना स्टोर पर पहुंचे। दुकान के संचालक नील कुमार गुप्ता दुकान के बाहर रखा सामान अंदर रख रहे थे।

उन्होंने हमें देखकर कहा क्या चाहिए जल्दी बताइए, मैं दुकान बंद कर रहा हूं। हमने पूछा कि क्यों बंद कर रहे हैं तो बोले- इतनी भीषण गर्मी है, कोई ग्राहक शाम से पहले आएगा नहीं। दुकान बंद करना ही बेहतर है। उनसे पूछा कि गर्मी का व्यवसाय पर कितना असर पड़ा है तो बोले- पहले दिनभर में 10 से 12 हजार रुपये की बिक्री होती थी। आजकल मुश्किल से दिन भर में 1700 से 1800 रुपये का सामान बिकता है। उन्होंने कहा- गर्मी की वजह से पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है।गन्ने का ठेला लगाने वाला बोला- अब तक तीन ग्लास ही बेच पाया हूं।

इसी बाजार के चौराहे पर पेड़ के नीचे गन्ने का ठेला चलाने वाले अरविंद कुशवाह से मुलाकात हुई। कुशवाह बैठकर सुस्ता रहा था। उससे पूछा कि गर्मी में गन्ने के जूस की तो खूब बिक्री हो रही होगी, तो बोला- कोई नहीं आ रहा। एक महीने पहले अच्छी बिक्री थी जब तापमान 40 डिग्री के आसपास था। लोग कम से कम घर से बाहर निकलते थे। अब इतना ज्यादा तापमान है कि लोगों ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। कुशवाह बोला- आप चौथे ग्राहक हैं, इससे पहले केवल तीन ग्राहक आए थे। अब दो बज रहे हैं। शाम को छह बजे से पहले कोई बाहर निकलेगा नहीं। ऐसा ही कुछ मिठाई की दुकान चलाने वाले विनोद झा ने कहा। झा बोले- 80 फीसदी दुकानदारी खत्म हो गई है।

# शहडोल सीट जीती भाजपा, औपचारिक घोषणा बाकी

## हिमाद्री सिंह ने 3,53,468 की लीड से जीता चुनाव, निर्वाचन अधिकारी करेंगे जीत का ऐलान

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** लोकसभा सीट शहडोल में भाजपा की उम्मीदवार ने जीत दर्ज कर ली है। बस निर्वाचन अधिकारियों द्वारा औपचारिक घोषणा करना बाकी है। हिमाद्री सिंह 3 लाख 53 हजार 468 वोट की लीड में है। बीजेपी को कुल 6 लाख 39 हजार 224 वोट मिल चुके हैं। वही, कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह को 2 लाख 85 हजार 756 वोट मिले हैं। कांग्रेस उम्मीदवार को कुल जितने वोट मिले हैं उससे कहीं ज्यादा भाजपा से मार्जिन का अंतर है। शहडोल लोकसभा में कुल 11 लाख 49 हजार 506 वोट पड़े थे। दोपहर 3 बजे तक 10 लाख 50 हजार से ज्यादा वोट की गिनती पूरी हो चुकी है। अब कुछ ही देर में निर्वाचन अधिकारी भाजपा उम्मीदवार हिमाद्री सिंह की जीत की औपचारिक घोषणा करेंगे।





सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो गई थी। सबसे पहले पोस्ट बैलेट की गिनती की गई। जिसके बाद विधानसभावार ईवीएम मशीनों को निकाला गया। निर्वाचन आयोग की तरफ से प्रेक्षक सभी जिला मुख्यालयों में पहुंच चुके थे। वहीं राजनीतिक पार्टियों के बीच भी मतगणना को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

**4 जिला मुख्यालयों में होगी गिनती:** शहडोल लोकसभा सीट के परिणाम के लिए चार अलग अलग जिला मुख्यालयों में गिनती होगी। शहडोल लोकसभा सीट में 8 विधानसभा सीट आती हैं। इनमे अनूपपुर जिले की 3 पुष्पराजगढ़, कोतमा और अनूपपुर, शहडोल की 2 जयसिंहनगर, जैतपुर, उमरिया की 2 बांधवगढ़, मानपुर और कटनी जिले की बड़वारा विधानसभा सीट शामिल है। सभी जिला मुख्यालयों में उनकी विधानसभा सीट की मतगणना होगी।

**अनूपपुर भेजी जाएगी जानकारी:** गिनती पूरी होने के बाद सभी विधानसभा स्तर से मिले परिणाम को अनूपपुर जिला मुख्यालय को भेज दी जाएगी। शहडोल लोकसभा सीट का रिटर्निंग ऑफिसर अनूपपुर कलेक्टर को बनाया गया है। मतगणना पूरी होने के बाद अनूपपुर कलेक्टर ही जीते हुए प्रत्याशी को प्रमाणपत्र देंगे। इससे संबंधित भी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

**कमिश्नर और एडीजीपी ने किया निरीक्षण:** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद और एडीजीपी डीसी सागर ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में बनाए गए मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली।

**सीसीटीवी लाइव डिस्प्ले को भी देखा:** दोनों अधिकारियों ने मतगणना स्थल परिसर में निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के लिए स्ट्रांग रूम का सीसीटीवी लाइव डिस्प्ले तथा कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। कमिश्नर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा।

**सुबह 6 बजे से दिलाया जाएगा प्रवेश:** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर ने कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद को विधानसभा वार मतगणना संबंधी तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 4 जून को मतगणना स्थल पर सुबह 6 बजे से प्रवेश दिलाया जाएगा। कर्मचारी और मतगणना एजेंटों के आवागमन मार्ग को विधानसभा वार निर्धारित किया गया है।प्रवेश के दौरान व्यक्तियों का आईडी कार्ड की जांच की जाएगी।

## सीधी लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा जीते



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा चुनाव के मतों की गणना आज 4 जून दिन मंगलवार को हुई। जिसमें सीधी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा ने कांग्रेस के कद्दावर नेता और प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल को 2 लाख 6 हजार 3 सौ 78 मतों के भारी अंतर से पराजित किया है। जिससे पूरे संसदीय क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

जहां सीधी संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी और सीधी कलेक्टर स्वरोचिस सोमवंशी की ओर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा को जीत का प्रमाण पत्र कुछ देर में सौंपेंगे। हालांकि ऑफिशियल घोषणा अभी प्रशासन के ने नहीं की है।

### शहडोल लोकसभा सीट पर काउंटिंग खत्म

## भाजपा की हिमाद्री सिंह 3 लाख 97 हजार 340 वोट से जीती



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल लोकसभा सीट पर काउंटिंग शाम करीब 7 बजे खत्म हो गई। भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह ने कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को को 3 लाख 97 हजार 340 वोट से हराया। हिमाद्री सिंह को कुल 7,11,143 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के मार्को को 3,13,803 वोट मिले है।

जीत के बाद मतगणना स्थल पहुंची हिमाद्री सिंह को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया।

### खजुराहो लोकसभा सीट पर काउंटिंग खत्म

## भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा 5 लाख 41 हजार से अधिक वोट से जीते



**मीडिया ऑडीटर, खजुराहो निप्र।** खजुराहो लोकसभा सीट पर मतगणना मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे खत्म हुई। खजुराहो सीट पर बीजेपी प्रत्याशी वीडी शर्मा जीत चुके हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 5 लाख 41 हजार 229 वोटों से हराया।

वीडी शर्मा को कुल 7,72,774 वोट मिले है। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी रहे बीएसपी के प्रत्याशी कमलेश पटेल को कुल 2,31,545 वोट मिले है। तीसरे नम्बर पर इंडी गठबंधन की ओर से ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी आरबी प्रजापति राजा भैया रहे, उन्हें कुल 50,215 वोट मिले।

### दमोह में 4 लाख से ज्यादा वोटों से जीती बीजेपी

## राहुल ने 7 लाख 9 हजार 768 वोट पाकर जिले में बनाया जीत का रिकॉर्ड



**मीडिया ऑडीटर, दमोह निप्र।** दमोह लोकसभा सीट पर भाजपा के राहुल सिंह लोधी ने 4 लाख 6 हजार 426 वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी तरवर सिंह को पराजित किया है। यहां 14 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें से मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच था। भाजपा के राहुल सिंह को 7 लाख 9 हजार 768 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के तरवर सिंह को 303342 वोट हासिल हुए।

दमोह में पॉलिटेक्निक कॉलेज में मंगलवार सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई। वहीं, बड़ामलहरा विधानसभा की मतगणना छतरपुर में और रहली, बंडा और खुरई की मतगणना सागर में हुई।

दमोह लोकसभा में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिनमें दमोह जिले की दमोह, पथरिया, हटा और जबेरा। वहीं, सागर जिले की रहली, देवरी और बंडा विधानसभा शामिल हैं। छतरपुर जिले की बड़ा मलहरा भी दमोह लोकसभा में आती है।

# विचार

## उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने भी माना योगी का लोहा

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 दिनों की अंतरिम जमानत के बाद पुनः तिहाड़ जेल में पहुंच गये हैं, लेकिन जेल से निकलते ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दो महीने का सीएम बताने वाला उनका बयान आज भी चर्चा में है। चुनाव प्रचार के दौरान केजरीवाल लगातार कहते रहे कि मोदी चुनाव के बाद योगी को हटा देंगे, लेकिन जमीनी हकीकत से अरविंद भी अनभिज्ञ नहीं थे। वह जानते थे कि आज की तारीख में योगी का यूपी में कोई विकल्प नहीं है और मोदी भी योगी को पसंद करते हैं। इसीलिये मोदी अक्सर कहते रहते हैं कि यूपी प्लास योगी बहुत है उपयोगी। यह बात चुनाव में भी साफ दिखाई दी। यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर प्रचार के दौरान मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर सुपरहिट साबित हुई है। लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों नेताओं के बीच आपसी केमेस्ट्री काफी मजबूत दिखी, जिसकी वजह से यूपी में इंडी गठबंधन के बीजेपी काफी आगे दिखाई दे रही है। सात चरणों के मतदान के दौरान मेरठ से लेकर मीरजापुर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तकरीबन 21 कार्यक्रमों में एक दूसरे के साथ रहे। इस दौरान दोनों ने 13 जनसभाएं, 5 रोड शो, वाराणसी में नामांकन और काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान दोनों नेताओं का एक दूसरे के प्रति सम्मान और आपसी विश्वास को बढ़ाने वाले संवादों की चर्चाएं हर जगह दिखाई दीं। कई बार तो प्रधानमंत्री मोदी ने योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के समय प्रोटोकॉल तोड़ने में भी परहेज नहीं किया। वहीं इसके अलावा इस दौरान के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिसने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के बीच बढ़ रहे भरोसे को और भी पुख्ता किया। इनमें पीलीभीत में आयोजित जनसभा के दौरान जब मुख्यमंत्री मंचीय उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री के पीछे से डायस की ओर जाना चाहते थे, तभी प्रधानमंत्री द्वारा उनका हाथ पकड़कर सामने से जाने के लिए आग्रह करना सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर जबरदस्त वायरल हुआ। इसके अलावा काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री को त्रिशूल भेंट करने वाले वीडियो को भी इंटरनेट यूजर्स ने हाथों हाथ लिया और ये वीडियो भी लंबे समय तक ट्रेंडिंग बना रहा। पीएम मोदी के साथ 21 कार्यक्रमों में से 15 जनसभाओं में मोदी-योगी ने एक दूसरे के प्रति अपने विश्वास को खुलकर प्रदर्शित किया। प्रधानमंत्री ने सीएम योगी को अपना मुख्यमंत्री बताते हुए खुद को इस बात के लिए गौरवान्वित महसूस करने वाला बताया कि योगी जैसा साथी उनके साथ है। वहीं योगी के कार्यों की तारीफ तो उन्होंने हर कहीं की। खासकर प्रदेश की कानून व्यवस्था में हुए जबरदस्त सुधार को पीएम मोदी ने अपनी हर रैली में सराहा। हमारे योगी जी, मेरे योगी जी जैसे संबोधन प्रधानमंत्री ने कई बार किये। दोनों नेताओं के बीच प्रगाढ़ रिश्तों को प्रदर्शित किया। वहीं जनता भी 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'योगी है तो यकीन है' के नारों से दोनों नेताओं की जोड़ी को यूपी में खूब पसंद किया। बात योगी के मोदी को दोबारा पीएम बनाने के प्रयासों की कि जाये तो बीते योगी ने दो माह में यूपी के सभी 80 सीटों पर प्रचार किया। इनमें से कई सीटों पर तो योगी दो से तीन बार चुनाव प्रचार करने पहुंचे। वहीं इसके अलावा कुल 12 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों में योगी ने जनसभाएं करके प्रधानमंत्री के पक्ष में मतदान की अपील की। इसके साथ ही प्रदेश में प्रधानमंत्री के साथ हर बड़े मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साए की तरह साथ रहे। प्रधानमंत्री के साथ योगी की पहली जनसभा 31 मार्च को मेरठ में और अंतिम 26 मई को रॉबर्टगंज में हुई थी। इस बीच दोनों नेता सहारनपुर, पीलीभीत, अमरोहा, अलीगढ, आगरा, इटावा, लालगंज, बाराबंकी, बस्ती, गाजीपुर, मिर्जापुर, रॉबर्टगंज में भी साथ-साथ दिखे। इसी तरह से गाजियाबाद, बरेली, कानपुर, अयोध्या और वाराणसी में रोड शो के दौरान भी दोनों नेता साथ-साथ नजर आये। जनसभाएं ही नहीं, मंदिरों में दर्शन-पूजन से लेकर पीएम के नामांकन में भी योगी प्रधानमंत्री के साथ साथ दिखे।

# आरक्षण की व्यवस्था कब तक चले

**सुधांशु रंजन**

**आरक्षण का प्रावधान भारत के संविधान में किया गया था ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में। विश्व के अधिकतर देशों में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं है। सिद्धांत समानता का है जो मौलिक अधिकार है लेकिन भारत में जातीय व्यवस्था ने इतना वीभत्स रूप ले लिया था जिसमें अधिकांश के साथ भेदभाव होता रहा। हिन्दू धर्म में वर्ण व्यवस्था है। वर्ण एवं जाति में फर्क है। सारी समस्या वर्ण और जाति के बीच के अंतर को खत्म करने से हुई ।**




फिर 23 अगस्त, 1918 को मैसूर के राजा कृष्णराजा वाडियार ने कमजोर वर्गों को आरक्षण देने के लिए मैसूर अदालत के मुख्य जज लेस्ली मिलर की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जिसकी सिफारिश पर इसे लागू किया गया। 1920 में मद्रास प्रैजीडैंसी के चुनाव में जस्टिस पार्टी को बहुमत मिला और 1921 में प्रथम मंत्री ए. सुब्बारोयालु रैड्डी ने आरक्षण का आदेश जारी किया। कड़े विरोध के कारण यह तुरंत लागू नहीं हो पाया। ई.वी. रामास्वामी पेरियार ने, जो उस समय कांग्रेस में थे, अपनी पार्टी से इसका समर्थन करने को कहा। कांग्रेस ने समर्थन करने से मना कर दिया और विरोध में पेरियार ने कांग्रेस छोड़ दी। इसके बाद 29 जनवरी, 1953 को संविधान के अनुच्छेद 340 के अंतर्गत काका कालेलकर की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया। आयोग ने 30 मार्च, 1955 को रिपोर्ट सौंपी। इसने पूरे देश में 2,399 पिछड़ी जातियों की पहचान की जिनमें 837 को अति पिछड़ा बताया गया। काका कालेलकर ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते समय अपने कवरिंग लैटर में आयोग की कुछ सिफारिशों का विरोध किया हालांकि रिपोर्ट में उन्होंने कोई असहमति दर्ज नहीं की थी। केन्द्र सरकार ने रिपोर्ट को अवैज्ञानिक और त्रुटिपूर्ण मानकर खारिज कर दिया। 1962 में आरक्षण के ऊपर उच्चतम न्यायालय का एक महत्वपूर्ण निर्णय आया। एम.आर. बालाजी बनाम मैसूर में 5 न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ ने व्यवस्था दी कि आरक्षण को हर हाल में 50 प्रतिशत से नीचे रखना होगा। मुख्य न्यायाधीश गजेन्द्र गडकर ने इसका कारण यह बताया कि समानता नियम है और आरक्षण अपवाद। इसलिए अपवाद आधे से कम होगा। कितना कम होगा, यह परिस्थिति के ऊपर निर्भर करेगा। इस तरह बालाजी मामले में 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित की गई लेकिन बार-बार कहा जाता है कि इंद्र साहनी मामले (1992) में ऐसी व्यवस्था दी गई। 1979 में मोरारजी देसाई की सरकार ने बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान करने के लिए दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया। इस पांच सदस्यीय आयोग में चार सदस्य पिछड़ी जातियों से और एक अनुसूचित जाति से थे। आयोग ने 1931 की जनगणना रिपोर्ट को आधार बनाकर निष्कर्ष निकाला कि अन्य पिछड़ी जातियों की संख्या 52 प्रतिशत है। 1931 में अंतिम बार जातीय जनगणना हुई थी। आयोग ने सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन की जांच कर अनुशंसा की कि 27 प्रतिशत आरक्षण ओ.बी.सी. को नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिया जाना चाहिए। उसने पिछड़ेपन के लिए जो मानक बनाए, उनमें कुछ को लेकर काफी विवाद भी हुआ। दिसम्बर, 1980 में आयोग ने रिपोर्ट सौंपी लेकिन इंदिरा गांधी या फिर राजीव गांधी की सरकारों ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की? 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अचानक 7 अगस्त को घोषणा कर दी कि मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाएगा। यह जानना दिलचस्प है कि 9 अगस्त को चौधरी देवी लाल की ओर से दिल्ली में एक रैली का आयोजन किया गया था। देवी लाल वी.पी. सिंह की सरकार में उपप्रधानमंत्री थे लेकिन कुछ दिनों पहले उन्हें बर्खास्त किया गया था। इसके विरोध में पूरे देश में आंदोलन हुआ। अनेक छात्रों ने आत्मदाह कर लिया। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। इंद्र साहनी बनाम संघ में उच्चतम न्यायालय की 9 न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ ने 16 नवम्बर, 1992 को दिए अपने फैसले में जाति के आधार पर दिए गए आरक्षण को सही ठहराया। उसने कहा कि जाति पिछड़ेपन का एक स्वीकार्य पैमाना है। लेकिन साथ ही निर्देश दिया कि मलाईदार परत को आरक्षण के दायरे से बाहर किया जाना चाहिए, आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से कम होगी, प्रोन्नति में आरक्षण नहीं होगा क्योंकि दो बार भेदभाव नहीं किया जा सकता है—पहली बार भर्ती के समय और फिर पदोन्नति के समय और उच्च कौशल के क्षेत्र में आरक्षण नहीं होगा। केन्द्र सरकार ने संविधान में 77वां संशोधन कर अनुच्छेद 16 में उपबंध 4-ए जोड़कर प्रोन्नति में आरक्षण को बहाल कर दिया। यह सिर्फ अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए था। इसे एम. नागराज मामले में उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई। 2006 में अदालत ने निर्णय दिया कि अनुच्छेद 335 में वर्णित सिद्धांत का ख्याल रखना होगा कि आरक्षण और प्रशासनिक क्षमता के बीच संतुलन हो। अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 16 (4-ए) राज्य को प्रोन्नति में आरक्षण देने की शक्ति देता है जिसका इस्तेमाल वह कर सकता या नहीं कर सकता है। लेकिन यदि करना चाहे तो उसे ठोस आंकड़े देने पड़ेंगे कि किस जाति का उस सेवा में कितना प्रतिनिधित्व है। 2019 में 103वां संविधान संशोधन कर उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। इसे शीर्ष अदालत ने संवैधानिक रूप से सही ठहराया। सिद्धांत समानता का है। आरक्षण अपवाद है। 75 सालों में एक भी जाति को आरक्षण की परिधि से बाहर नहीं लाया गया और नई-नई जातियों को जोड़ा गया। सवाल यह है कि आरक्षण का प्रतिशत कितना हो और यह व्यवस्था कब तक चले।

## अमरीका में कॉलेज डिग्री की बदलती स्थिति

एक रिसर्च सैंटर की एक हालिया रिपोर्ट अमरीका में कॉलेज डिग्री के मूल्य की बढ़ती स्थिति पर प्रकाश डालती है। जैसे-जैसे आर्थिक स्थितियां बदल रही हैं और उच्च शिक्षा की लागत बढ़ रही है कॉलेज की डिग्री की आवश्यकता और लाभों पर जनता की राय तेजी से विभाजित हो गई है। रिपोर्ट में कॉलेज की डिग्री के बिना युवा वयस्कों के लिए आर्थिक आय में उल्लेखनीय सुधार पर प्रकाश डाला गया है। पिछले एक दशक में, इस समूह की रोजगार दरों और औसत आय में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे उनके कम हिस्सेदारी वाले साथियों के साथ अंतर कम हो गया है। यह प्रवृत्ति आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए कॉलेज शिक्षा की आवश्यकता के स्वरूपों को नया आकार दे रही है। साथ ही कालेज में पढने की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। ट्यूशन फीस में बढ़ौतरी हुई है, जिससे छात्रों और उनके दोस्तों पर अधिक बोझ बढ़ गया है। बढ़ती छात्र बहस ने कई लोगों के मन में यह सवाल पैदा कर दिया है कि क्या कॉलेज की डिग्री के दीर्घकालिक वित्तीय दायित्व संभावित आर्थिक लाभों से उचित हैं। यह वित्तीय तनाव एक डिग्री के मूल्य के बारे में बढ़ती गिरावट का एक महत्वपूर्ण कारक है। सर्वेक्षण में लगभग आधे उत्तरदाताओं का मानना है कि कॉलेज की शिक्षा बेहतर नौकरी की संभावनाओं और उच्च आय के लिए मूल्यवान है। हालांकि, एक महत्वपूर्ण हिस्सा दुखदायी बना हुआ है। रिपोर्ट राजनीतिक कला और शैक्षिक पृष्ठभूमि के आधार पर मतभेदों की पहचान करती है। उच्च स्तर की शिक्षा वाले लोग सफलता प्राप्त करने के लिए कॉलेज को क्रमिक रूप से देखने की अधिक संभावना रखते हैं। उभरता हुआ श्रम बाजार भी कॉलेज शिक्षा की दिशा में सार्वजनिक कदमों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अच्छी तनख्वाह वाली नौकरियों की प्रेरक क्षमता लोगों को डिग्री की आवश्यकता को देखने के तरीके को प्रभावित करने के लिए कॉलेज की डिग्री की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी और संबद्ध व्यापारों जैसे प्रयासों का विकास वित्तीय स्थिरता और करियर में उन्नति के लिए महत्वपूर्ण रास्ते प्रदान कर रहा है, जिससे कॉलेज की शिक्षा कुछ लोगों के लिए अपरिहार्य लगती है। 25-34 वर्ष की आयु के पुरुष, पूर्णकालिक काम करते हैं। 2014 के बाद से, कुछ कॉलेज शिक्षा वाले युवाओं के साथ-साथ हाई स्कूल डिप्लोमा वाले युवाओं की कमाई में वृद्धि हुई है। पिछले 30 वर्षों में, डिग्रीधारी महिलाओं की आय और बिना डिग्री वाली महिलाओं की प्रतिभा में वृद्धि हुई है। कोविड-19 महामारी ने उच्च शिक्षा की धारणाओं को और अधिक जटिल बना दिया है। महामारी के दौरान ऑनलाइन सीखने की ओर बदलाव, साथ ही आर्थिक गिरावट के कारण, कई लोगों ने पारंपरिक कॉलेज अनुभव को फिर से हासिल करने के लिए प्रेरित किया है, कुछ छात्रों ने व्यक्तिगत रूप से सीखने की तुलना में ऑनलाइन शिक्षा की गुणवत्ता और मूल्य के बारे में चिंता व्यक्त की है। महामारी ने उच्च शिक्षा में लचीली क्षमता और अनुकूलन क्षमता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है क्योंकि छात्रों और संस्थानों ने विभिन्न चुनौतियों का सामना किया है। रिपोर्ट बताती है कि उच्च शिक्षा के रास्ते अधिक लचीले हो सकते हैं।

वोकेशनल ट्रेनिंग, अप्रैंटिसशिप और सर्टीफिकेशन जैसे पारंपरिक 4-वर्षीय कॉलेज कार्यक्रम योग्य विकल्प के रूप में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। ये कार्यबल के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने का अधिक किफायती और सरल तरीका है और यह दर्शाता है कि शिक्षा और रोजगार आपस में कैसे जुड़े हुए हैं।

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा और निस्तेज होता विपक्ष

**ललित गर्ग**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवडियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है। अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया




जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद। कहने का मतलब सिर्फ इतना सा है कि देश की सियासी फिजां को बदलने में विपक्षी दलों को अधिक ईमानदार, जिम्मेदार एवं पारदर्शी होना होगा। विपक्ष दल अपनी जिम्मेदारियां से भागते हुए देश से ज्यादा दल को महत्व देने का परिणाम इन चुनाव में देख लिया है। भाजपा की तुलना में अन्य दलों पर दाग ज्यादा और लम्बे समय तक रहे हैं। इन दलों को न केवल अपने बेदाग होने के पुख्ता प्रमाण देना होगा, बल्कि जनता के दर्द-परेशानियों को कम करने का रोड मेप तैयार करते हुए अपना विपक्षी होने के धर्म को निभाना होगा, तभी वे आदर्श विपक्ष के हकदार बन सकेगे। हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेगे? भाजपा को चुनौती देनी है तो विपक्षी दलों को अपना चरित्र एवं साख दोनों को नये रूप में एवं सशक्त रूप में प्रस्तुति देनी होगी। अन्यथा इन लोकसभा चुनावों की तरह आगे के जितने भी चुनाव होंगे उनके चुनाव परिणाम इसी तरह निराश करते रहेंगे। इससे विचित्र और हास्यास्पद और कुछ नहीं कि कांग्रेस समेत अन्य इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एक ओर जोर-शोर से यह दावा करने में लगे हैं कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 सीटें मिल रही हैं, सपा नेता अखिलेश उत्तरप्रदेश में 80 में 79 सीटों पर जीत का दावा किया, जब एग्जिट पोल ने उनके इन दावों की पोल खोल दी, आज घोषित हो रहे चुनाव परिणामों में भाजपा जब ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है तो विपक्षी दलों के नेता मतगणना में गड़बड़ी की निराधार आशंकाएं जताकर भ्रम फैलाने में लगे हैं।

भ्रम फैलाने की इसी कोशिश के तहत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने यह अनर्गल दावा किया कि मतगणना को प्रभावित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिलों के जिलाधिकारियों को फोन किया है। उन्होंने यह बेतुका आरोप लगाते हुए यह समझा होगा कि इससे उन्हें एक फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में मदद मिलेगी और उनकी हार पर पर्दा पड़ जायेगा। यह विडम्बना एवं विसंगति विपक्षी दलों को मजबूत करने की बजाय लगातार कमजोर ही कर रही है। वैसे भी भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं, सभी ऊंचे मूल्यों को स्थापित करने की, आदर्श की बातों के साथ आते हैं पर सत्ता प्राप्ति की होड़ में सभी एक ही संस्कृति को अपना लेते हैं। मूल्यों की जगह कीमत की और मुद्दों की जगह मतों की राजनीति करने लगते हैं। चुनावों की प्रक्रिया को ही नहीं, चुनाव मतगणना की प्रक्रिया को भी विपक्षी राजनैतिक दलों ने अपने स्तर पर भी कीचड़ भरा कर दिया है। ऐसा स्वकल्याण की सोचने वाला विपक्ष किस तरह लोक कल्याण के मुद्दों को बल देगा? बिना विचारों के दर्शन और शब्दों का जाल बुने यही कहना है कि लोकतंत्र के इस सुन्दर नाजुक वृक्ष को नैतिकता के पानी और अनुशासन की ऑक्सीजन चाहिए। जीत किसी भी दल को मिले, लेकिन लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिलनी ही चाहिए। कुल मिलाकर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत से तो पार्टी के हौसले स्वाभाविक रूप से बढ़े। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कमजोर होती दिखी, कमजोर ही क्या उसका तो लगभग सफाया ही होता जा रहा है। कांग्रेस के निष्प्रभावी केन्द्रीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस के कई कद्दावर नेता अलग हो गए। उससे भी भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। इस बार कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी कमजोर पार्टी बनकर उभरी है। उसकी कमजोरी न केवल राजनीतिक स्तर पर बल्कि मानसिक स्तर पर स्पष्ट दिख रही है। कांग्रेसी एवं विपक्षी नेताओं की हरकतों से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वे अपनी संभावित हार का ठीकरा चुनाव आयोग, मीडिया आदि पर फोड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। यही कारण है कि उन्होंने एक्जिट पोल के नतीजों को न केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि उन्हें भाजपा प्रायोजित भी करार दिया। एक्जिट पोल को लेकर कांग्रेस इतनी दुविधाग्रस्त थी कि पहले उसने टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा का बहिष्कार करने का फैसला किया और फिर फजीहत होती देखकर उसमें शामिल होने का निर्णय लिया।

# कांग्रेस पार्षद ने पत्नी के प्रेमी को मार डाला

## पति-दो बच्चों को छोड़कर आशिक संग रह रही थी, लाठी-डंडे से किया अटैक

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में कांग्रेस पार्षद ने अपनी पत्नी के प्रेमी की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि, दो बच्चों की मां उसे छोड़कर प्रेमी के घर रह रही थी। जिसे वापस ले जाने के लिए मुंगेली से सिमगा आया था। तभी उसके परिवार पर हमला कर दिया। मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, दिलीप कुर्रे उर्फ राहुल मुंगेली जिले के वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस पार्षद है। उसकी पत्नी सुकृति कुर्रे उसे छोड़कर बलौदाबाजार जिले के चंदेरी गांव में अपने प्रेमी (सरकारी कर्मचारी) नंदकुमार पात्रे के घर रहने लगी थी।






**प्रेमी और परिवार पर किया हमला:** जिसे वापस लाने के लिए 2 जून को मां और भाई समेत 10 से 15 लोगों के साथ चंदेरी आया था। रात करीब 11 बजे नंदकुमार पात्रे के घर का दीवार फांदकर अंदर घुसे और आंगन में रखे लाठी-डंडे से प्रेमी और परिवार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

**इलाज के दौरान प्रेमी की मौत:** इस हमले में नंदकुमार के सिर पर गंभीर चोटें आई। जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि, घायल अनिता पात्रे और गोवर्धन पात्रे को रायपुर रेफर किया गया है। जहां इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि, नंदकुमार पात्रे मुंगेली जिले के जल संसाधन विभाग पथरिया में पदस्थ था।

**पुलिस बोली- अवैध संबंध का है मामला:** एसडीओपी आशीष अरोरा ने बताया कि, पहली नजर में यह मामला अवैध संबंध का लग रहा है।

नंदकुमार का शादीशुदा महिला से अवैध संबंध था। इस घटना में शामिल पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ की 2 हॉट सीटों पर दिग्गज पिछड़े



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की दो हॉट सीट राजनांदगांव में कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल 46 हजार वोट से पीछे चल रहे हैं। भूपेश बघेल ने दुर्ग लोकसभा छोड़कर राजनांदगांव से चुनाव लड़ा था। यहां उनका मुख्य मुकाबला बीजेपी प्रत्याशी संतोष पांडेय से है।

वहीं दूसरी हॉट सीट कोरबा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पीछे चल रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत लगातार बढ़त बनाई हुई हैं। उन्हें 464209 वोट मिले हैं जबकि सरोज पांडेय को 43460 वोट मिले हैं। यहां कांग्रेस 29569 वोट से आगे चल रही है। मतगणना केंद्र के बाहर माहौल शांत है। भाजपा के पंडाल में कुर्सियां खाली दिख रही हैं। सड़कें सुनसान हैं।

# पत्नी के अश्लील फोटो-वीडियो किए वायरल

## बेटे को बेचने पिता ने सोशल मीडिया पर लगाया स्टेटस, बच्चे को लेकर भागा

**मीडिया ऑडीटर, कोरबा निप्र।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक युवक ने अपने ढाई साल के बच्चे को बेचने के लिए सोशल मीडिया पर स्टेटस लगा दिया। वहीं पत्नी से भी मारपीट की और उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पत्नी ने पति पर बच्चे को अगवा करने का भी आरोप लगाया है। मामला बालको थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, सोनपुरी गांव निवासी महिला आरती चौहान (22) की करतला क्षेत्र के घिनारा निवासी मनोज चौहान (27) से 2019 में रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। पति के बेरोजगार होने के कारण शादी के एक महीने बाद ही महिला अपने पति के साथ मायके आ गए थी और रोजी-मजदूरी करने लगी।





**महिला के चरित्र पर करता है संदेह:** महिला ने पुलिस को बताया कि, इस दौरान पति उसके ऊपर चरित्र संदेह करने लगा। महिला ने बताया कि पति आदतन शराबी है और नशे में उससे अक्सर मारपीट करता है। उसके शरीर पर कई चोट के निशान हैं। महिला और मेरे परिवार को धमकी भी देता है।

**बेटे को बेचने के लिए सोशल मीडिया में लगाई स्टोरी:** आरती चौहान ने पुलिस को बताया कि, मनोज बेटे को अपने साथ लेकर घिनारा चला गया। फिर फोन कर झूठी जानकारी दी कि बच्चे की तबीयत खराब होने से मौत हो गई है। वहीं बेटे को बेचने लिए सोशल मीडिया में स्टोरी लगाई है, जिसमें 3 लाख रुपए में बेचने की बात कही है।

**महिला का अश्लील फोटो वीडियो किया वायरल:** महिला ने यह भी बताया कि मनोज ने उसके ही अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिए। जब उसने इसका विरोध किया तो मारपीट और गाली गलौज करने लगा। महिला की बड़ी बहन और उसके घर वालों ने जब इस बात को लेकर मनोज को समझाना चाहा तो वह उसके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की।

**बेटे को वापस दिलवाने और पति पर कार्रवाई करने लगाई गुहार:** आरती चौहान ने बताया कि वह उसके ढाई साल के बच्चे को लेकर अपने साथ चला गया है। इन सब बातों से परेशान होकर इसकी शिकायत संबंधित बालको थाना पुलिस से की गई थी।

इसके बाद एसपी कार्यालय पहुंचकर एएसपी से भी शिकायत की। आरती ने पुलिस से पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और बेटे को वापस दिलवाने की गुहार लगाई है। एएसपी यूबीएस चौहान ने संबंधित थाने को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# यातायात डीएसपी ने 2 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का काटा चालान

## ड्यूटी के दौरान बिना हेलमेट पहने चला रहे थे बाइक, दोगुना फाइन वूसला

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में लोकसभा चुनाव मतगणना के दिन यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 2 ट्रैफिक पुलिस का चालान काटा गया है। दरअसल, मंगलवार को काउंटिंग स्थल सेजबहार में यातायात व्यवस्था के लिए अधिकारी और कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गयी थी। यातायात थाना से दो कर्मचारी, एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक अपने बाइक से बिना हेलमेल लगाए ड्यूटी पर पहुंचे थे।

मौके पर पहुंचे यातायात डीएसपी गुरजीत सिंह ने दोनों को हेलमेट नहीं लगाने का कारण पूछा। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर दोनों पर 1000-1000 रुपए का फाइन किया गया। ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए के निर्देश दिए है।





**दोगुना फाइन वसूला:** यातायात डीएसपी गुरजीत सिंह ने बताया कि, मोटरयान अधिनियम की धारा 129/194(डी) के तहत 500 रुपए जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन नए मोटरयान कानून 2019 के धारा 210 (बी) में यह प्रावधान किया गया है कि ट्रैफिक नियम पालन कराने वाले (पुलिस अधिकारी) यदि नियमों को नहीं मानते है तो उनकी सजा दोगुना होगी। इसलिए दोनों कर्मियों से 500 की जगह 1000-1000 रुपए फाइन किया गया।

**सभी पुलिस कर्मियों को हेलमेट पहना अनिवार्य:** रायपुर एसपी संतोष कुमार सिंह ने जिले में तैनात सभी अधिकारी कर्मचारी को वर्दी की हालत में बाइक चलाते समय हेलमेट लगाने और कार चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए है। साथ ही सभी से ट्रैफिक रुल का पालन कर कहा है।

**पब्लिक से भी की गई अपील:** एडिशन एसपी यातायात ओपी शर्मा ने सभी पुलिस स्टाफ और नागरिकों से अपील की है कि सभी हेलमेट और सीटबेल्ट जरूर लगाए। खुद की और परिवार की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों को पालन करें।

छत्तीसगढ़ के 3 पूर्व मंत्री पीछे चल रहेरूमहासमुंद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू, जांजगीर से शिव डहरिया और बस्तर से कवासी लखमा पिछड़े

रायपुर

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के तीन अहम सीटों पर कांग्रेस नेता और 3 पूर्व कैबिनेट मंत्री पीछे चल रहे हैं। बस्तर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा 52 हजार वोट से पिछड़े हुए हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। बस्तर लोकसभा की 8 विधानसभा सीटों पर वोटों की गिनती जारी है।

वहीं महासमुंद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू 1 लाख 34 हजार वोट से पीछे चल रहे हैं। यहां से भाजपा की रूपकुमारी चौधरी आगे चल रही हैं। महासमुंद में 17 प्रत्याशियों के लिए वोटिंग 26 अप्रैल को हुई थी। इसमें मुख्य मुकाबला ठश्रच् से रूप कुमारी चौधरी और कांग्रेस से ताम्रध्वज

# गर्मी-लू से अब तक 16 मौतें, रायपुर समेत 4 संभागों में आज बारिश के आसार, तेज हवा और अंधड़ का अलर्ट

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में सोमवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई, लेकिन गर्मी से ज्यादा राहत नही मिली। मौसम विभाग के मुताबिक आज रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग और बस्तर संभाग के कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। साथ ही कहीं-कहीं पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और अंधड़ भी चलेगी।

इस दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में गर्म हवा चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले एक-दो दिन नमी और शुष्क हवाओं का मिला-जुला असर रहेगा।

सोमवार को प्रदेश में सबसे गर्म मुंगेली जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 41 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान नारायणपुर में 18.9 डिग्री रहा।






**दिन के तापमान में गिरावट:** सोमवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में हुई हल्की बारिश की वजह से दिन के तापमान में गिरावट आई है। सोमवार को रायपुर में पारा 43 डिग्री से गिरकर 40 .6 डिग्री पर पहुंच गया। तापमान में इस गिरावट के कारण यहां तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग परेशान रहे। वहीं रात में भी उमस ने परेशान किया।

बिलासपुर में तापमान 42.2 डिग्री से गिरकर 41.6 डिग्री तक आ गया है। दुर्ग में तापमान 42.2 डिग्री गिरकर सोमवार को 40.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सरगुजा में तापमान 40.6 डिग्री से गिरकर 38.1 डिग्री पर पहुंच गया है।

**आज इन जिलों में बारिश के आसार:** मौसम विभाग के मुताबिक आज रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। वहीं, 5 जून को भी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में हल्की बूंदाबांदी और प्रदेश में गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ जारी रहने की संभावना है।

**हीटवेव से अब तक 16 मौतें:** प्रदेश में नौतपा के दौरान हीटवेव से प्रदेश में मौतों का आंकड़ा 16 तक पहुंच गया है। सबसे ज्यादा बिलासपुर में 10 लोगों ने गर्मी और लू से दम तोड़ा है।

वहीं, सोमवार को दुर्ग जिले में एक युवक की मौत हो गई। इसके साथ ही रायपुर में ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल की मौत ड्यूटी के दौरान हुई थी।

### तेज रफ्तार हाइवा ने ट्रेलर को मारी टक्कर

## स्टेयरिंग में फंसा ड्राइवर, कटर से काटकर पुलिस ने बचाई जान



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार हाइवा ने खड़ी ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में ट्रेलर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं गंभीर रूप से घायल ड्राइवर स्टेयरिंग में फंसा रहा।

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए, फिर रेस्क्यू कर ट्रेलर के सामने के हिस्से को कटर से काटकर ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना हिर्री थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के अनुसार रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में पेंड्रीडीह के पास काम चल रहा है। इसके लिए राखड़ से जमीन को समतल किया जा रहा है। रविवार की देर रात ट्रेलर से राखड़ अनलोड करने के बाद ड्राइवर शशांक सिंह नेशनल हाईवे किनारे गाड़ी को खड़ी किया था।

उसी समय सामने से तेज रफ्तार हाईवा ने ट्रेलर को टक्कर मार दिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रेलर के सामने का चिपक कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, ट्रेलर चालक शशांक घायल होकर स्टेयरिंग में फंसा रहा।

**ड्राइवर की जान बचाने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया:** इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। वह खून से लथपथ होकर घायल था और अपनी जान बचाने के लिए गुहार लगा रहा था।

घंटों मशक्कत करने के बाद भी पुलिसकर्मी उसे सुरक्षित बाहर निकालने में नाकाम रहे। लिहाजा, मदद के लिए [illegible] को बुलाया गया। उनकी मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

**ट्रेलर को कटर से काटकर ड्राइवर को सुरक्षित निकाला:** इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एसडीआरएफ की टीम के साथ ट्रेलर के सामने के हिस्से को कटर से काटा गया। जिसके बाद किसी तरह ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी रजनेश सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ड्राइवर की जान बचाने के लिए आरक्षक विजय पांडेय और ड्राइवर किशोर कुमार साहू की तारीफकी।

**हाईवा छोड़कर भाग गया चालक:** इस हादसे के बाद हाइवा भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, उसका ड्राइवर कूद कर फरार हो गया। हिर्री पुलिस ने मामले में आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**चार घंटे तक नेशनल हाईवे में लगा जाम:** ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए चार घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। बीच सड़क पर हुए हादसे की वजह से मार्ग में चार घंटे तक वाहनों की आवाजाही बंद रही और जाम की स्थिति बनी रही। ड्राइवर को बाहर निकालने के बाद पुलिसकर्मियों ने क्रेन की मदद से दोनों गाड़ियों को किनारे किया, जिसके बाद सोमवार की सुबह वाहनों की आवाजाही शुरू कराई।

## ज्वेलरी दुकान में 20 लाख रुपये से अधिक की चोरी, शटर का ताला तोड़ घुसे चोर

### सोने-चांदी के जेवर लेकर हुए फरार

**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा/बतौली एजेंसी।** सरगुजा जिले के बतौली पुराने बस स्टैंड में संचालित दीपांशु ज्वेलर्स में बीती रात शटर का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने करीब 20 लाख रुपये के जेवरातों की चोरी कर ली। चोर दुकान के गल्ले में रखा 40 हजार रुपये नगदी भी साथ ले गए। दीपांशु ज्वेलर्स के संचालक के घर करीब चार माह पूर्व चोरों ने 25 लाख रुपये से अधिक की चोरी की थी। दूसरी बार हुई चोरी से परिवार सदमें में है।

जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाइवे 43 मुख्यमार्ग पर संचालित दीपांशु ज्वेलर्स के संचालक मुकेश सोनी बीती रात दुकान का ताला बंद कर घर चले गए थे। मुख्यमार्ग में दुकान होने एवं चार माह पूर्व घर में हुई चोरी के बाद वे दुकान के जेवर घर नहीं ले जा रहे थे। दुकान में सोने के करीब 12 तोले के जेवर के साथ काउंटर में 40 हजार रुपये नगदी एवं बड़ी मात्रा में चांदी के जेवर व सामान रखे हुए थे।

**शटर तोड़कर घुसे चोर, पूरा दुकान किया साफ:** देर रात अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़कर घुसे। चोरों ने करीब 10 से 12 तोला सोने का जेवर, चांदी के करीब 7 किलो के बर्तन, चांदी के डेढ़ किलो के सिक्के, 10 किलो चांदी के पायल, और पुरानी चांदी के पायल करीब पांच किलो की चोरी कर ली। दुकान के गल्ला का ताला तोड़कर चोर उसमें रखे 40 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए।

चोरों ने लगभग 22 किलो चांदी, 10 से 12 तोला सोने के जेवर और 40 हजार रुपये नगदी की चोरी की है, जिसकी अनुमानिक कीमत 22 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। चोरों ने आर्टिफिशियल ज्वेलरी को हाथ नहीं लगाया।

**डब्बों को दुकान के पीछे फेंका:** चोरी की जानकारी सुबह दुकान के शटर का ताला टूटा देख आसपास के लोगों ने संचालक मुकेश सोनी को दी। सूचना पर बतौली थाने से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। चोरों ने दुकान में पर्याप्त समय लेते हुए सभी काउंटर के दराज खोलकर बारीकी से जांच की थी। दुकान के जेवरों के डिब्बे पीछे खुली जगह पर फेंके हुए मिले।

**चार महीने पूर्व घर में हुई थी चोरी:** दीपांशु ज्वेलर्स के संचालक मुकेश सोनी के बरगीडीह मार्ग पर स्थित निवास पर चोरों ने करीब चार माह पूर्व 25 लाख के जेवर व करीब पांच लाख रुपये नगदी की चोरी की थी। घटना की रात उनका परिवार अंबिकापुर में रूक गया था। पुलिस टीम चोरों की पतासाजी में लगी थी, लेकिन चोरों का अब तक पता नहीं चल सका है।

**2 घंटे बाद पंहुची स्थानीय पुलिस:** मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए जिले के सभी पुलिस अधिकारी और बल सरगुजा जिला मुख्यालय भेज दिए थे। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम दो घंटे बाद मिली। सूरजपुर से आये डॉग स्क्वाड को इस चोरी की घटना में भी कोई सफलता नही मिली।जेवर के डब्बे फेंकने के स्थान और दुकान के आसपास ही चक्कर लगाता रहा।

**सीसी कैमरे नहीं, कोई सुराग नहीं:** जहां चोरी हुई, उस दुकान में सीसी कैमरे नहीं लगे हैं। आसपास के सीसी कैमरे का कव्हरेज एरिया भी दीपांशु ज्वेलर्स तक नहीं है। इस कारण पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग नहीं है।

# इमरान खान सीक्रेट लेटर चोरी मामले में बरी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जेल में बंद पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को इमरान खान और उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी को सबूतों के अभाव में साइफर केस (सीक्रेट लेटर चोरी) में बरी कर दिया है। सीक्रेट लेटर चोरी केस में इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी पिछले साल दोषी पाए गए थे। स्पेशल कोर्ट ने उन्हें देश की गोपनीयता भंग करने के आरोप में 10-10 साल की सजा सुनाई थी। इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी ने इस सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सोमवार को इमरान खान और कुरैशी की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश आमिर फारुख और न्यायामूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने फैसला सुनाया। अदालत ने उनकी सजा पर रोक लगाते हुए कहा कि अगर उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में नहीं रखा गया है, तो रिहा किया जाए।

**कई रैलियों में यह सीक्रेट लेटर दिखा चुके थे इमरान:** इमरान खान को 29 अगस्त को साइफर गेट स्कैंडल में हिरासत में लिया गया था। इस केस की चार्जशीट में पूर्व प्रधानमंत्री के पास यह सीक्रेट लेटर यानी साइफर होने की बात कही गई है और आरोप लगाया गया है कि उन्होंने देश की गोपनीय जानकारी का गलत इस्तेमाल किया। यह साइफर पिछले साल मार्च में अमेरिका में तैनात पाकिस्तानी एम्बेसेडर असद मजीद खान ने विदेश मंत्रालय को भेजा था। खान ने इसे पढ़ने के बहाने अपने पास रख लिया और बाद में कहा कि यह लेटर खो गया है। हालांकि, वो साइफर को कई रैलियों में खुलेआम लहरा चुके हैं।

**क्या है साइफर गेट स्कैंडल या सीक्रेट लेटर चोरी केस:** अप्रैल 2022 में सरकार गिरने के बाद इमरान की तरफ से लगातार दावा किया गया कि यह लेटर (डिप्लोमैटिक टर्म में सायफर) अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट यानी फॉरेन मिनिस्ट्री की तरफ से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को भेजा गया। इमरान का दावा रहा कि बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन उनको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नहीं देखना चाहती थी और अमेरिका के इशारे पर ही उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। कुछ वक्त पहले तक 'साइफर गेट या केबल गेट या नेशनल सीक्रेट गेट' केस में इमरान का फंसना तय माना जा रहा था। इसकी वजह यह है कि जब वे प्रधानमंत्री थे, तब आजम खान उनके चीफ सेक्रेटरी थे। आजम से जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम (छ्वढ्ढञ्ज) दो बार पूछताछ कर चुकी थी।

# मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी क्लॉडिया शेनबॉम

## नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर रहीं; चुनावी हिंसा में 200 की मौत हुई

**मैक्सिको (एजेंसी)।** मैक्सिको के 200 साल के इतिहास में पहली बार कोई महिला देश की राष्ट्रपति बनने वाली हैं। 2 जून को हुए चुनाव में सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की क्लॉडिया शेनबॉमद्य को सबसे ज्यादा 58.3त्न वोट मिले। अंतिम परिणाम आने में 8 जून तक का वक्त लग सकता है। दिलचस्प बात ये थी कि उनकी टक्कर में विपक्षी पार्टी की उम्मीदवार भी एक महिला ही थीं। विपक्षी शोचिल गालवेज दक्षिणपंथी नेशनल एक्शन पार्टी से चुनाव लड़ीं। वे राष्ट्रपति ओब्राडोर की नीतियों की कट्टर विरोधी हैं।

शोचिल गालवेज को 28त्न वोट ही मिले। मैक्सिको ने पड़ोसी देश अमेरिका से पहले महिला राष्ट्रपति चुनकर इतिहास बनाया है। मैक्सिको में महिलाओं को वोट देने का अधिकार अमेरिका से 33 साल बाद मिला था। अमेरिका में जहां 1920 में ही महिलाओं को वोटिंग राइट्स मिल गए थे। वहीं, मैक्सिको में महिलाओं को वोट देने का अधिकार 1953 में मिला था।



**कैसे उम्मीदवार बनी क्लॉडिया शेनबॉम:** मैक्सिको के संविधान के नियम के मुताबिक, राष्ट्रपति ओब्राडोर को दोबारा से 6 साल का कार्यकाल नहीं मिल सकता। ऐसे में सत्ताधारी मोरोना पार्टी की तरफ से क्लॉडिया शेनबॉम को उम्मीदवार बनाया गया था। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं। साल 2007 में मैक्सिको की इंटरगवर्नमेंटल कमेटी को नोबेल प्राइज मिला था। तब वह इसकी मेंबर थीं।

**विवादों से भरा रहा राजनीतिक करियर:** क्लॉडिया का राजनीतिक जीवन विवादों से भरा रहा है। 2017 में जब मेक्सिको सिटी की मेयर थीं तब एक शक्तिशाली भूकंप में एक स्कूल की छत गिर गई थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे जिनमें 19 बच्चे थे। भारी आलोचना के बाद भी क्लॉडिया ने यह मानने से इनकार कर दिया कि कंस्ट्रक्शन में कोई गड़बड़ी थी। हालांकि, इसके बाद भी वह अगले साल फिर से शहर की मेयर चुनी गईं। साल 2021 में मेक्सिको सिटी में एक एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक का एक हिस्सा ढह गया। इसमें 26 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए। क्लॉडिया ने उन आरोपों को खारिज कर दिया जिनमें ये दावा किया गया था कि बजट में कटौती की वजह से ये घटना हुई। दिलचस्प बात ये थी कि ये कंस्ट्रक्शन कंपनी दुनिया के सबसे अमीर शख्स रहे कार्लोस स्लिम की थी। बाद में आरोप लगे थे कि कंपनी ने पीड़ितों को उचित मुआवजा नहीं दिया।

# मध्य प्रदेश-इंदौर में बना दूसरा रिकॉर्ड, शंकर लालवानी ने दर्ज की इतिहास की सबसे बड़ी जीत

**इंदौर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की सबसे चर्चित सीट इंदौर में भाजपा प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी देशभर में सबसे ज्यादा मत हासिल करने वाले उम्मीदवार बने हैं। उन्होंने 12 लाख 26 हजार 751 वोटों से जीत हासिल की है। कलेक्टर आशीष सिंह ने उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा है। इंदौर के इतिहास में पहली बार है कि कांग्रेस मैदान में नहीं है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस ने नोटा को प्रमोट किया था। ऐसे में नोटा ने भी इस बार एक नया इतिहास रचा है। नोटा को इंदौर में 2 लाख 18 हजार 355 मत मिले हैं। बता दें



कि इंदौर में नोटा दूसरे नंबर पर मुकाबले में है। लेकिन नियमों के मुताबिक जीत के अंतर में उसे शामिल नहीं किया जाएगा। तीसरे नंबर पर बसपा के संजय सोलंकी हैं, उनमें और लालवानी को मिले वोटों में दस लाख से ज्यादा का अंतर है, इसे ही जीत का मार्जिन माना जाएगा। भाजपा के शंकर लालवानी इंदौर में शानदार जीत हासिल की है। ये अब तक के इतिहास की सबसे बढ़ी जीत मानी जा रही है। इससे पहले 2019 में गुजरात के नावासार सीट पर भाजपा के सीआर पाटिल ने 6,89,668 वोटों से अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। इंदौर में भाजपा के शंकर ललवानी के अलावा कुल 13 और प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें प्रमुख प्रत्याशी के तौर पर कोई भी मौजूद नहीं है। इंदौर भाजपा का गढ़ माना जाता है और यहां पिछले कुछ दशकों से भाजपा लगातार विजय दर्ज कराती आ रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी को हार स्वीकार कर लेनी चाहिए, जनता ने उन्हें नकार दिया है -संजय राउत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव परिणाम में हार स्वीकार कर लेनी चाहिए क्योंकि लोगों ने उनकी सरकार को खारिज कर दिया है। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में 240 से कम सीट मिलेंगी। संजय राउत ने कहा, ''हमने महाराष्ट्र में नरेन्द्र मोदी को रोक दिया है। नरेन्द्र मोदी को हार स्वीकार कर लेनी चाहिए क्योंकि लोगों ने उनकी सरकार को नकार दिया है। निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भाजपा 222 सीट पर आगे चल रही है जबकि 21 सीट पर जीत हासिल कर चुकी है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन 200 से अधिक सीट पर आगे चल रहा है। वहीं, कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश में कई लोकसभा क्षेत्रों में जिला अधिकारियों पर परिणाम बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''उत्तर प्रदेश के महाराजगंज, बांसगांव, मेरठ, मुज़फ़्फ़रनगर सीटों पर ज़िला अधिकारियों को फ़ोन करके सीटें जिताने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''प्रशासनिक अधिकारी याद रखें कि सरकार बदल रही है और लोकतंत्र के साथ यह खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# नीतीश कुमार एनडीए में हैं और रहेंगे, जेडीयू नेता केसी त्यागी ने सभी अटकलों पर लगाया विराम

**दिल्ली/पटना (एजेंसी)।** जनता दल यूनाइटेड ने इंडिया गठबंधन के साथ जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार एनडीए में हैं और एनडीए में ही रहेंगे। केसी त्यागी ने आगे कहा कि नीतीश कुमार कल प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर पटना लौटे हैं। हम अपने पुराने स्टैंड पर कायम हैं। जदयू नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर एक बार एनडीए में अपनी आस्था का इज़हार करता है और हम एनडीए में ही बने रहेंगे। इधर, जेडीयू एमएलसी डॉ खालिद अनवर ने कहा कि नीतीश कुमार से बेहतर पीएम कौन हो सकता है?...नीतीश कुमार एक अनुभवी राजनेता हैं, जो समाज और देश को समझते हैं। वह सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करते हैं। हम अभी एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन पहले और आज लोग चाहते थे कि नीतीश कुमार पीएम बनें। आज के परिणाम के बाद लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बता दें कि बिहार के 40 संसदीय क्षेत्रों में मतों की गिनती में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 31 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं, जिसमें जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 14 सीट वाल्मीकि नगर, शिवहर, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर और नालंदा, लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई पर आगे हैं।

# आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की बड़ी जीत, 9 जून को शपथ लेने की संभावना

**आंध्र प्रदेश (एजेंसी)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू, जो एनडीए गठबंधन के हिस्से के रूप में आंध्र प्रदेश में भारी जीत की ओर अग्रसर हैं। 9 जून को अमरावती में मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। सूत्रों ने इंडिया टुडे को यह जानकारी दी। आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175 सीटों में से 130 पर आगे चल रही टीडीपी, और दो निर्वाचन क्षेत्रों में पहले ही जीत हासिल कर चुकी है, मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से दक्षिणी राज्य को छीनने की राह पर है।

# चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से नहीं हुई कोई बात, अटकलों पर बोले शरद पवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि 'इंडिया गठबंधन के नेता आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को दिल्ली में बैठक करेंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना नहीं है। लोकसभा चुनाव की मतगणना के अब तक के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने बूते बहुमत हासिल नहीं करने का संकेत मिलने के बीच, पवार ने



कहा कि उन्होंने मीडिया में आई खबरों के उलट बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार या तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू से बात नहीं की है। पवार ने कहा, ''मैंने (कांग्रेस अध्यक्ष) मल्लिकार्जुन खरगे और (माकपा नेता) सीताराम येचुरी से बात की है। आज शाम तक अंतिम निर्णय लिये जाने की उम्मीद है। उसी के अनुसार, मैं दिल्ली जाऊंगा। यह पूछे जाने पर कि अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, पवार ने कहा, ''हमने इस पर विचार नहीं किया है।% उन्होंने कहा, ''मैं आश्वत नहीं हूं कि इंडिया गठबंधन सरकार बना सकता है या नहीं। हम कल बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर आम सहमति से निर्णय लेंगे।

# अनुराग ठाकुर ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया, कहा- मेरे अगले पांच साल हमीरपुर को समर्पित होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर जो अपने पांचवें कार्यकाल के लिए तैयार हैं, ने मंगलवार को लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके अगले पांच साल हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश के लोगों को समर्पित होंगे। अनुराग ठाकुर की यह टिप्पणी भारत के चुनाव आयोग के नवीनतम रुझानों के बीच आई



है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार 1,77,306 वोटों से आगे चल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में, भाजपा सभी निर्वाचन क्षेत्रों, कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला में आगे चल रही है। एएनआई से बात करते हुए ठाकुर ने कहा, हमीरपुर की जनता ने मुझ पर भरोसा दिखाया है। मैं हिमाचल प्रदेश और हमीरपुर की जनता का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे पांचवीं बार आशीर्वाद दिया है। मैं अगले पांच साल हमीरपुर की जनता के लिए काम करूंगा।

# गुना से जीते ज्योतिरादित्य सिंधिया, कांग्रेस के उम्मीदवार यादवेंद्र राव को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना लोकसभा सीट से जीत हासिल कर ली है। चुनाव आयोग के मुताबिक, ज्योतिरादित्य सिंधिया को अभी तक 919515 वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार 380903 मिले हैं। मध्य प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी क्लीन स्वीप की ओर बढ़ रही है। बीजेपी एमपी की सभी 29 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। भाजपा के प्रमुख उम्मीदवार जो



आगे हैं उनमें ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), शंकर लालवानी (इंदौर), वीडी शर्मा (खजुराहो), संध्या राय (भिंड), लता वानखेड़े (सागर), वीरेंद्र कुमार (टीकमगढ़), आलोक शर्मा (भोपाल) और रोडमल नागर (राजगढ़) शामिल हैं। विदिशा में भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 6,31,401 मतों से आगे हैं। टीकमगढ़ से केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार 3,81,703 मतो से आगे हैं। खजुराहो में भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी.डी. शर्मा 4,61,628 मतो से आगे हैं।

# अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की हार, 1 लाख से ज्यादा वोटों से पिछड़ी

**अमेठी (एजेंसी)।** अमेठी चुनाव परिणाम में कांग्रेस के किशोरी लाल फिलहाल 1,02,836 वोटों के अंतर से आगे हैं। बीजेपी की स्मृति ईरानी दूसरे स्थान पर हैं। ईरानी 2024 के लोकसभा चुनावों की सबसे प्रतिष्ठित लड़ाई में से एक में गांधी परिवार के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट किशोरी लाल शर्मा के साथ कड़ी लड़ाई में सीट बरकरार रखने की कोशिश कर रही हैं। 20 मई को पांचवें चरण के चुनाव के दौरान 54.40त्न मतदान के साथ अमेठी का भाग्य तय हो गया। जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ने का विकल्प चुना, तो यह निर्णय राजनीतिक परिदृश्य में गूंज उठा। स्मृति ईरानी ने तुरंत मौके का फायदा उठाते हुए घोषणा कर दी कि इतिहास बन गया है। हालांकि, कांग्रेस ने स्मृति ईरानी के खिलाफ लंबे समय से गांधी परिवार के वफादार रहे किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है। 2014 से 2016 तक मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान स्मृति ईरानी कई विवादों में रहीं। विपक्षी दलों ने उन पर संसद में देवी दुर्गा के बारे में अपमानजनक टिप्पणियों वाला एक पर्चा पढ़ने का आरोप लगाया।

# राहुल बोले- रिजल्ट कह रहा, देश मोदी-शाह को नहीं चाहता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा की 543 सीटों पर जारी गिनती के बीच मंगलवार शाम 5.35 बजे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बहन प्रियंका के साथ वे मुस्कुराते हुए पार्टी ऑफिस पहुंचे। उनके साथ मां सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश भी थे। राहुल ने मीडिया से 7 मिनट बात की। उन्होंने लोकसभा के रिजल्ट और रुझान को लेकर कहा- देश मोदी-शाह को नहीं चाहता। ये लड़ाई संविधान को बचाने की थी। मैं सच बताऊं तो मेरे माइंड में था कि जब हमारा अकाउंट सीज किया गया। दो-दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया। तब मेरे जेहन में था कि जनता संविधान बचाने के लिए लड़ेगी। भारत



की जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है। देश की वंचित और गरीब आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इंडिया के साथ खड़ी हो गयी। गठबंधन के सभी साथियों और कांग्रेस के बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को बधाई। राहुल ने उत्तर प्रदेश में मिले रिजल्ट के लिए बहन प्रियंका की भी तारीफ की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- मैं बहुत खुश हूं। मैं यूपी के लोगों से कहना चाहती हूं कि उन्होंने बहुत विवेक दिखाया है। मुझे यूपी पर सबसे ज्यादा गर्व है।

# इंडिया गठबंधन ने नीतीश कुमार को दिया उप-प्रधानमंत्री बनाने का ऑफर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के वोटों की गिनती जारी है, लेकिन संकेत बताते हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) मामूली जीत हासिल करेगा। सहयोगी दलों के साथ ही बीजेपी 272 लोकसभा सीटों का आंकड़ा पार करने वाली सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आ रही है. हालांकि इंडिया ब्लॉक के 272 सीटों के जादुई आंकड़े तक पहुंचने की संभावना नहीं है, फिर भी एक रणनीतिक संयोजन कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को केंद्र में सरकार बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। एनडीए 299 सीटों पर आगे है। इसमें जेडीयू की 14 सीटें शामिल हैं। ऐसे में सरकार बनने में जेडीयू एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस बीच सूत्रों के मुताबिक इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को उपप्रधानमंत्री बनाने का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक ही शरद पवार ने



भी नीतीश कुमार से बात की है। हालांकि, जेडीयू की ओर से ये कहा गया है वह एनडीए का ही हिस्सा रहेगी। बता दें कि जब नीतीश कुमार बिहार में महागठबंधन की सरकार चला रहे थे और कांग्रेस के अलावा आरजेडी साथ थी तो नीतीश कुमार ने ही विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए बैठकें शुरू की थी, लेकिन बाद में उन्होंने महागठबंधन का साथ छोड़ दिया था। बता दें कि महागठबंधन का साथ छोड़ने के बाद नीतीश कुमार ने बीजेपी से हाथ मिला लिया था और एनडीए का हिस्सा हो गए थे. यही वजह है कि इस समय राजनीतिक हचलच तेज है।

# एयरफोर्स का सुखोई क्रैश

**नासिक (एजेंसी)।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई मंगलवार को नासिक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के पास था। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डीआर कराले ने बताया कि सुखोई विमान के पायलट और को-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव के पास एक खेत में गिरा।

वायुसेना के मुताबिक सुखोई की टेस्ट फ्लाइट में गए दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए थे। राजस्थान के पोकरण में हुए भारत शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल तेजस फाइटर जेट 27 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे क्रैश हो गया था। यह जैसलमेर शहर से 2 किमी दूर जवाहर नगर स्थित भील समाज के हॉस्टल पर जा गिरा। तेजस के क्रैश होने की



यह पहली घटना थी। घटना के समय हॉस्टल के उस कमरे में कोई नहीं था। इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। पोकरण में चल रहे युद्धाभ्यास स्थल से करीब 100 किमी दूर यह हादसा जैसलमेर में हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सेना के बड़े अधिकारी मौजूद थे। पूरी खबर पढ़ें इंडियन एयर फोर्स (ढ्ढस्न) का एक ट्रेनिंग विमान सोमवार सुबह तेलंगाना में क्रैश हो गया था। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ था। विमान में दो पायलट मौजूद थे। जिसमें एक ट्रेनर थे जो नए कैडेट को प्लेन उड़ाना सिखा रहे थे। सोमवार सुबह डिंडिगुल के एयर फोर्स एकेडमी से विमान ने उड़ान भरी और 8ञ्55 बजे क्रैश हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्लेन कुछ मिनटों में ही जलकर राख हो गया था।

# भारत के मुख्य कोच के तौर पर आखिरी टूर्नामेंट–राहुल द्रविड़

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** राहुल द्रविड़ ने सोमवार को पुष्टि कर दी कि टी20 विश्व कप भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। द्रविड़ की यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं थी क्योंकि माना जा रहा था कि वह इस पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करने वाले हैं। बोर्ड ने पिछले महीने इस पद के लिये आवेदन बुलाये थे। आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप में भारत के पहले मैच से पूर्व मीडिया से बातचीत में द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के हर क्षण का लुत्फ उठाया है। उन्होंने कहा ,'' हर टूर्नामेंट अहम है। भारत के कोच के तौर पर हर मैच मेरे लिये महत्वपूर्ण रहा है। मेरे लिये इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कोच के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट है।'' द्रविड़ नवंबर 2021 में टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच बने थे। उन्होंने कहा ,'' मुझे अपना काम बहुत पसंद है। मैने भारतीय टीम की कोचिंग का पूरा मजा लिया और यह खास काम भी है। मुझे टीम के साथ काम करने में मजा आया लेकिन क्रिकेट के इस तरह के शेड्यूल और जीवन के जिस चरण पर मैं अभी हूं, मुझे नहीं लगता कि मैं फिर आवेदन कर सकूंगा।'' उन्होंने कहा ,'' इसलिये यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है।

# कोहली पारी की शुरूआत करें, तीसरे नंबर पर उतरे यशस्वी- सुनील गावस्कर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में विराट कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ भारत के लिये पारी का आगाज करना चाहिये जबकि यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये। टी20 विश्व कप में कोहली के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी चर्चा हो रही है। वह लंबे समय से सीमित ओवरों में तीसरे नंबर पर उतरते आये हैं। आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये उन्होंने 15 मैचों में 741 रन बनाये। गावस्कर ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,'' रोहित शर्मा और विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिये। यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये।'' उन्होंने कहा ,'' चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव, पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत और छठे नंबर पर हार्दिक पंड्या को उतरना चाहिये। सातवें नंबर पर रविंद्र जडेजा और आठवें नंबर पर शिवम दुबे, नौवे नंबर पर कुलदीप यादव, दसवें पर जसप्रीत बुमराह और 11वें पर मोहम्मद सिराज।

# भारत के मैचों का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी20 विश्व कप के भारत के मैचों, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की। प्रसार भारती ने इस मौके पर टी20 विश्व कप के लिए विशेष गान 'जज्बा' भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। विज्ञप्ति के अनुसार 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया, ''प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।'' अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में दो से 29 जून तक 55 मैच खेले जायेंगे।इसमें पहली बार 20 टीमें भाग ले रही हैं।

# आयरलैंड के खिलाफ 'मिशन विश्व कप' का आगाज करेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आलोचक भले ही उन्हें 'नयी बोतल में पुरानी शराब' कहें लेकिन भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर बरसों से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का मलाल मिटाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहेंगे और अपने इस मिशन की शुरूआत टी20 विश्व कप में बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के जरिये करेंगे। भारतीय टीम में अभी भी कई अनसुलझे सवाल हैं मसलन यहां 'ड्रॉप इन' पिच पर टीम संयोजन क्या रहेगा? अभी तक यहां हुए मैचों से स्पष्ट है कि इंडियन प्रीमियर लीग की तरह यहां रनों का अंबार नहीं लगने जा रहा है। उससे भी बड़ी चिंता खिताब के प्रबल दावेदार का ठप्पा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली तो विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं लेकिन जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा जैसे' दशकों में एक ' माने जाने वाले क्रिकेटरों ने अभी तक खिताब नहीं जीता है और वे इसके लिये बेताब हैं। भारतीय क्रिकेट टीम 1982 और 1986 की ब्राजील फुटबॉल टीम की तरह नहीं बनना चाहती जब सुकरात, जिको, कारेका, फाल्काओ और अलेमाओ जैसे सितारे भी फीफा विश्व कप नहीं जीत सके थे। पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ड्रेसिंग





रूम की सीढियां चढते हुए कप्तान रोहित शर्मा अपने आंसू नहीं छिपा सके थे।

वहीं 765 रन बनाने वाले कोहली के चेहरे पर भी उदासी साफ देखी जा सकती थी। कई बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बना पाते। भारत ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि यही टीम कई बार आखिरी दो तिलिस्म नहीं तोड़ सकी है। सैतीस बरस के रोहित का यह आखिरी विश्व कप है और यह लगभग तय है कि वह भारत में होने वाले अगले टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप तक नहीं खेलेंगे। दूसरी ओर आयरलैंड की टीम में पॉल स्टर्लिंग, जोश लिटिल, हैरी टेक्टर, एंडी बालबर्नी जैसे अच्छे टी20 क्रिकेटर हैं। नासाउ काउंटी मैदान की धीमी और औसत विकेट पर भारतीय टीम आयरलैंड के बायें हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को कैसे खेलती है, यह देखना रोचक होगा। भारत को फायदा इस बात का है कि उसके पास आयरलैंड से बेहतर स्पिनर हैं हालांकि बुमराह के अलावा तेज गेंदबाजी आक्रमण थोड़ा कमजोर लग रहा है। कई बार बहुत ज्यादा विकल्प होना भी अच्छी स्थिति नहीं होती है और शीर्षक्रम पर भारत के साथ ऐसा ही हो रहा है। कप्तान रोहित और कोहली के लिये यशस्वी जायसवाल को बाहर रहना पड़ सकता है। ऋषभ पंत ने अभ्यास मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और हार्दिक पंड्या ने अच्छी गेंदबाजी की। पंड्या ने अभ्यास सत्र में कोहली, सूर्यकुमार यादव और रोहित को अच्छी खासी गेंदबाजी की। वह प्रतिदिन तीन ओवर भी डाल पाते हैं तो भारतीय टीम में शिवम दुबे और एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। आयरलैंड को कमजोर नहीं आंका जा सकता जिसने विश्व कप से पहले पाकिस्तान को उसकी धरती पर हराया। लिटिल को गुजरात टाइटंस के लिये आईपीएल खेलने का अनुभव भी है।

**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**आयरलैंड:** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग

# न्यूयॉर्क में भारत और आयरलैंड मुकाबले में बारिश का खलल?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभ्यास मैच के बाद टीम इंडिया बुधवार 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड से भिड़ेगी। मुकाबला दोनों टीमों के बीच शाम 8 बजे से खेला जाएगा। हालांकि, उससे पहले न्यूयॉर्क के मौसम के बारे में भी जान लीजिए। वेदर फॉरकास्ट के मुताबिक 5 जून को न्यूयॉर्क में बारिश की उम्मीद है। दोपहर में 24 प्रतिशत जबकि रात में बारिश होने के चांसेस 80 प्रतिशत हैं। इसके अलावा, तापमान 24 से 20 डिग्री तक रह सकता है। हवा 15-16 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती है। जकि आद्रर्ता 65 से 86 प्रतिशत तक रह सकती है। वहीं न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम की पिच की बात करें तो, यहां मिट्टी ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड स्टेडियम से लाई गई है। एडिलेड की ही तरह ये स्टेडियम भी समुद्र के पास स्थित है। ऐसे में नसाउ




स्टेडियम की विकेट पर भी एडिलेड की तरह उछाल वाली और रन बनाने वाली हो सकती है। भारत- रविंद्र जडेजा, रोहित शर्मा, विराट कोहली, युजवेंद्र चहल, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल। आयरलैंड- एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, बेन व्हाइट, क्रेग यंग, बैरी मैकार्थी, मार्क अडायर, जोशुआ लिटिल, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, कटिंस कैंपर, गैरेथ डेलानी, नील रॉक और रॉस अडायर।

# आयरलैंड के खिलाफ विराट कोहली रहे हैं फ्लॉप, 2 मैचों में नहीं बना पाए रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पूरे लीग में सबसे ज्यादा 741 रन बनाए और ऑरेंज कैप होल्डर भी बनें। वहीं अब 5 जून से टी20 वर्ल्ड कप में भारत का अभियान का आगाज होने जा रहा है। जहां टीम इंडिया को आयरलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मुकाबला खेलना है। वहीं इस मैच से पहले ही फैंस विराट कोहली पर टकटकी लगाए हुए हैं। हर कोई उनकी बल्लेबाजी देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, अबतक आयरलैंड के खिलाफ विराट कोहली का बल्ला नहीं चला है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ अब तक 7 टी20 मैच खेले हैं जिनमें कोहली को इस टीम के खिलाफ महज 2 मैचों में ही खेलने का मौका मिला है। दोनों ही मैचों में कोहली का बल्ला नहीं चला है। आयरलैंड के खिलाफ खेले गए 2 मैचों में कोहली ने महज 9 रन बनाए हैं और उनका बेस्ट स्कोर भी 9 का ही है। इस टीम के खिलाफ 2 मैचों में से एक में तो उन्हें डक आउट होना पड़ा था और एक में उन्होंने महज 9 रन बनाए थे। जिस कारण अब कोहली आयरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में बेहतरीन रन बनाने की कोशिश करेंगे।

विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। उन्होंने टी20 में अब तक खेले 117 मैचों की 109 पारियों में सबसे ज्यादा 4037 न बनाए हैं। कोहली ने इन मैचों में एक शतक और 37 अर्धशतक भी जड़े हैं। कोहली का बेस्ट स्कोर इस प्रारूप में नाबाद 112 रन रहा है जो उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। 117 मैचों में उन्होंने 117 छक्के और 359 चौके लगाए हैं जबकि 5 बार डक आउट हुए हैं और 31 बार नाबाद रहे हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड के खिलाफ कैसी होगी टीम इंडिया की प्लेइंग एक्सआई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इससे पहले 1 जून को टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना एकमात्र अभ्यास मैच खेला था। उस मैच में जहां रोहित शर्मा और संजू सैमसन ने ओपनिंग की थी वहीं तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत उतरे थे। हालांकि, टीम इंडिया ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को पटखनी दी थी। वहीं अब सवाल ये उठता है कि आयरलैंड के खिलाफ भारत की संयोजन के साथ उतर सकता है? भारत और आयरलैंड के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ये मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है। बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में विराट कोहली नहीं खेल पाए थे लेकिन जब भारतीय टीम मुख्य मुकाबले में खेलने के लिए उतरेगी तो उसमें कोहली खेलेंगे, इसमें ज्यादा शक नहीं होना चाहिए। कहा जा रहा है कि, रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली ओपनिंग कर सकते हैं। यानी यहां से यशस्वी जायसवाल का पत्ता कट सकता है। वहीं तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत का आना तय सा लग रहा है। बांग्लादेश अभ्यास मैच में पंत और सैमसन ने बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेला था, लेकिन जब कीपिंग की बात आ तो ग्लब्स ऋषभ पंत को थमाए गए थे। यानी संजू सैमसन को पहले मैच की प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका शायद ना मिले। वहीं टॉप-3 बल्लेबाजों के बाद चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव का आना करीब तय है। वहीं नंबर 5 पर हार्दिक पंड्या खेलते हुए नजर आ सकते हैं। इस बीच संभावना ये भी है कि, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे दोनों को एक साथ प्लेइंग इलेवन में मौका दिया जा सकता है। क्योंकि, ये दोनों मिलकर बतौर गेंदबाज की भूमिका भी निभा सकते हैं। अगर दोनों ने दो-दो ओवर भी किए तो काम बन जाएगा। हालांकि, शिवम दुबे का फॉर्म इस वक्त कुछ खास नहीं चल रहा है।

# श्रीलंका के क्रिकेटरों ने टी20 विश्व कप में अपने शेड्यूल की आलोचना की



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और स्पिनर महीष तीक्षणा ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम के मैचों के शेड्यूल को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह काफी अनुचित है और लंबी यात्राओं के कारण उन्हें एक अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा है। श्रीलंका को ग्रुप डी के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने हराया। तीक्षणा ने अपनी टीम के मैचों के कार्यक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इसका टीम पर नकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा ,'' यह गलत है। हमें हर मैच के बाद यात्रा करनी पड़ रही है क्योंकि हम चार अलग अलग मैदानों पर खेल रहे हैं।'' उन्होंने कहा ,'' हमने फ्लोरिडा से , मियामी से उड़ान ली और आठ घंटे हवाई अड्डे पर इंतजार करना पड़ा। हमें रात आठ बजे निकलना था लेकिन सुबह पांच बजे उड़ान ली। यह अनुचित है लेकिन खेलते समय यह मायने नहीं रखता।'' दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को दो और मैच यहां खेलना है जबकि भारतीय टीम तीन मैच यहां खेलेगी। तीक्षणा ने कहा ,'' होटल से अभ्यास स्थल भी एक घंटे 40 मिनट का रास्ता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले भी हमें सुबह पांच बजे उठना पड़ा।'' तीक्षणा ने नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि कुछ टीमों को एक ही स्थान पर खेलना है और उनका होटल मैदान से 14 मिनट का ही रास्ता है। उन्होंने कहा ,'' मैं नाम नहीं लूंगा लेकिन कुछ टीमें एक ही जगह पर खेल रही है और उन्हें हालात की जानकारी है। वे अभ्यास मैच भी यहीं खेल रहे हैं। हमने अभ्यास मैच फ्लोरिडा में खेला है और तीसरा मैच भी वही है।इस बारे में अगली बार विचार करना होगा क्योंकि अब तो कुछ नहीं हो सकता।'' कप्तान हसरंगा ने कहा ,'' पिछले कुछ दिन काफी कठिन रहे। चार मैच, चार अलग अलग स्थानों पर। यह कठिन है। एक मैच न्यूयॉर्क में, दूसरा डलास में, अगला फ्लोरिडा में।'' ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के मैनेजर महिंडा हालांगोडा ने इस मसले पर आईसीसी को पत्र लिखा है लेकिन टूर्नामेंट के बीच में किसी तरह का हल निकलने की उम्मीद नहीं है।

# अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रनों के बड़े अंतर से हराया

**प्रोविडेंस (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के पांच विकेट और रहमानुल्लाह गुरबाज तथा इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में युगांडा को 125 रन से हराया। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज गुरबाज ने 45 गेंद में 76 रन बनाये जबकि जदरान ने 46 गेंद में 70 रन की पारी खेली। दोनों ने पुरूषों के टी20 विश्व कप में पहले विकेट के लिये सर्वोच्च 154 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 183 रन बनाये। बायें हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी ने चार ओवर में नौ रन देकर पांच विकेट लिये।

विश्व कप में पहली बार उतरी युगांडा की टीम 16 ओवर में 58 रन पर आउट हो गई। फारूकी दो बार हैट्रिक लेने के करीब पहुंचे थे। पहली गेंद पर चौका पड़ने के बाद उन्होंने बेहतरीन इनस्विंगर पर रौनक पटेल को आउट किया। इसके बाद रोजर मुकासा पगबाधा आउट हो गए। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये खेल चुके फारूकी ने 13वें ओवर में तीन और विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने रियाजत अली शाह को बोल्ड किया और युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा को गुरबाज के हाथों लपकवाया। वह हैट्रिक से चूक गए लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर एक और विकेट लिया। इससे पहले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक शुरूआत की। गुरबाज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर छक्का जड़ा। जदरान ने दिनेश नकरानी के छठे ओवर में लगातार चार चौके लगाये। पावरप्ले के आखिर में अफगानस्तान ने 11 रन प्रति ओवर की दर से रन बना डाले थे। गुरबाज ने चार चौके और चार छक्के लगाये और अपना अर्धशतक सिर्फ 28 गेंद में पूरा किया। जदरान ने नौ चौके और एक छक्का जड़ा। ऐसा लग रहा था कि दोनों पूरे 20 ओवर खेल जायेंगे लेकिन युगांडा के गेंदबाजों ने वापसी की और उन्हें 200 रन के भीतर रोक दिया। अफगानिस्तान का सामना अब न्यूजीलैंड से होगा।



# अफगान गेंदबाज फजलहक फारूकी का बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन, चटकाए 5 विकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप के 5वें मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने युगांडा क्रिकेट टीम के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए हैं। ये उनके टी20 अंतर्राष्ट्रीय करियर और वर्ल्ड कप में पहला 5 विकेट हॉल है। वहीं फारूकी ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वे टी20 वर्ल्ड कप में बेस्ट बॉलिंग फिगर वाले लेफ्ट आर्म पेसर बन गए हैं। अफगानिस्तान के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की टीम महज 58 रनों के स्कोर पर सिमट गई। इस दौरान फजलहक फारूकी ने 4 ओवरों में महज 9 रन देकर 5 विकेट झटके। टी20 वर्ल्ड कप में लेफ्ट आर्म पेसर की लिस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंग्लैंड के सैम कर्रन का था। उन्होंने आफगानिस्तान के खिलाफ 2022 में 10 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए थे। लेकिन अब फारूकी टॉप पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान इस लिस्ट मं तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 रन देकर 5 विकेट झटके थे।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गणेश सिंह 84949 मतों से विजयी घोषित

## सतना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव परिणाम घोषित





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 4 जून को लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 9 सतना के मतों की गणना का कार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में सम्पन्न हुआ। मतगणना के पश्चात रिटर्निंग आफीसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सतना अनुराग वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी गणेश सिंह को अपने निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी डब्बू सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा से 84949 मतों से विजयी होने पर निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

मतगणना स्थल पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 सतना की मतगणना के अंतिम परिणाम पत्रक और रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार लोकसभा क्षेत्र सतना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गणेश सिंह को 459728 मत मिले। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार डब्बू सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा को 374779 मत मिले। इस प्रकार गणेश सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सिद्धार्थ कुशवाहा से 84949 मतो से विजयी रहे। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी 185618 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। विजयी प्रत्याशी गणेश सिंह को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा निर्वाचित घोषित किया जाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सभी एआरओ एवं गणना प्रेक्षक उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन-2024 में सतना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना पश्चात घोषित चुनाव परिणाम के अनुसार पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के अजीत को 1891, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अशोक कुमार गुप्ता को 1265, भारतीय जनमोर्चा पार्टी के हरिशंकर प्रसाद को 945, न्याय धर्मसभा पार्टी की रंजना मिश्रा को 915, बहुजन द्रविड़ पार्टी के अशोक कुमार को 2399, अखिल भारतीय हिंद क्रांति पार्टी के ननकू यादव को 1259, मानवीय भारत पार्टी के अजीज अहमद कुरैशी को 2082, राष्ट्रीय दलित आदिवासी महासभा के सुखलाल को 1617 मत प्राप्त हुये। निर्दलीय अभ्यर्थी चन्द्रभान को 3398, दुर्गेश कुमार को 5921, कलीम अहमद को 1630, छेदीलाल को 4061, सफी उल्ला खान को 2614, राहुल दाहिया को 4277, अशोक कुमार को 947 और ऋषभ सिंह को 1073 मत प्राप्त हुये।

कुल विधिमान्य मतों की संख्याा 1056419 और नोटा के मतों की संख्या 2553 रही। प्रतिक्षेपित मतो की संख्या 698 रही। कुल मतों की संख्या 1059670 रही।

**अभ्यर्थियों को मिले डाक मतपत्रों की संख्या:** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिये चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को मिले डाक मतपत्रों की स्थिति के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गणेश सिंह को 1355, इंडियन नेशनल कांग्रेस के डब्बू सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा को 797 और बहुजन समाज पार्टी के नारायण त्रिपाठी को 315 डाक मतपत्र प्राप्त हुये। इसी प्रकार रंजना मिश्रा और हरिशंकर तिवारी को 10-10, कलीम अहमद को 8, अशोक कुमार गुप्ता को 6, ननकू यादव, ऋषभ सिंह, चंद्रभान को 5-5, अशोक साकेत को 3, अशोक बौद्ध, दुर्गेश विश्वकर्मा, शफी उल्ला को 2-2 तथा छेदीलाल प्रजापति, राहुल दाहिया, सुखलाल वर्मा को एक-एक डाक मतपत्र प्राप्त हुये। नोटा में 15 डाक मतपत्र प्राप्त हुये। कुल 3249 डाक मतपत्रों में 2536 डाक मतपत्र वैध पाये गये। 698 डाक मतपत्र प्रतिक्षेपित किये गये।

## ट्रैक्टर नहीं चलाने को लेकर हुये विवाद में ड्राइवर के पिता को मारी गोली, मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जवा थाना अंतर्गत ग्राम जनकहाई में ट्रैक्कर चलाने को लेकर हुये विवाद के बाद पूरे गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। इस घटना में जहां ड्राइवर के पिता की गोली मारने से मौके पर मौत हो गई है। वहीं घटना के आरोपी कुल्हाड़ी मारने से अस्पताल में भर्ती है जहां उसकी हालत गंभीर है। घटना के बाद बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस बल तैनात किया है और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ग्राम जनकहाई निवासी रामशिरोमणि केवट का पुत्र अनिल सिंह पटेल निवासी जवा का ट्रैक्टर चलाता था बीती रात उसने फोन कर ट्रैक्टर चलाने से इंकार कर दिया है। इस बात लेकर वाहन मालिक और ड्राइवर को मार दिया इसकी जानकारी होने पर ड्राइवर के चाचा ने अनिल सिंह पटेल को फोन कर मारपीट करने का कारण पूछा तो इसी के बीच दोनों में विवाद हो गया है। इसी बात को लेकर अनिल सिंह अपने कुछ साथियों के साथ घर पहुंचकर ड्राइवर के परिवार वालों के साथ मारपीट की और रामशिरोमणि केवट पर कट्टे से गोली मार दी। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। यह घटना देख आक्रोशित परिजनो ने आरोपी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसे गंभीर हालत संजय गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जिसे देखकर पुलिस बल तैनात किया गया और घटना स्थल पर उच्च अधिकारी नजर बनाए हुए है।

# भाजपा के उम्मीदवार जनार्दन मिश्रा ने 193974 मतों के अंतर से जीता चुनाव



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। रीवा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जनार्दन मिश्रा ने 193974 हजार मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। मिश्र को कुल 477459 मत प्राप्त हुए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार नीलम अभय मिश्रा को 284085 मत प्राप्त हुए। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार एडवोकेट अभिषेक मास्टर बुद्धसेन पटेल को 117221 मत प्राप्त हुए। रीवा संसदीय क्षेत्र में 14 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला था। अन्य उम्मीदवारों में इंजीनियर देवेन्द्र सिंह सपाक्स पार्टी को 4076 मत, रामगोपाल सिंह पीपल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक को 3509 मत, रंजन गुप्ता राष्ट्रवादी भारत पार्टी को 2160 मत, बिपिन सिंह पटेल राष्ट्रीय हिन्द एकता दल को 1806 मत प्राप्त हुए। रीवा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवारों अरूण तिवारी मिंटू को 1113 मत, अरूणेन्द्र नारायण पाण्डेय को 1551 मत, जनार्दन मिश्रा को 2295 मत, दयाशंकर पाण्डेय को 4610 मत, प्रसन्नजीत सिंह को 3313 मत, इंजीनियर रामकुमार सोनी को 3873 मत तथा रोशनलाल कोल को 4122 मत प्राप्त हुए। नोटा को 6936 मत प्राप्त हुए। लोकसभा क्षेत्र में डाकमत पत्रों सहित कुल मतों की संख्या 919647 रही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने निर्वाचित प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच इंजीनियरिंग कालेज में संपन्न हुई। सुबह 5.30 बजे उम्मीदवारों तथा निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोले गए। मतगणना केन्द्र में विधानसभावार बनाए गए गणना कक्षों में प्रातः 8 बजे से मतगणना आरंभ हुई। डाक मतपत्रों तथा ईटीपीबीएस की मतगणना पृथक कक्ष में की गई। मनगवां विधानसभा क्षेत्र में 15 टेबिलों तथा शेष सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबिलों में मतगणना की गई। प्रत्येक चक्र की मतगणना के बाद इनकोर पोर्टल तथा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से उम्मीदवारों को प्राप्त मतों को ऑनलाइन दर्ज किया गया। मीडिया सेंटर तथा कम्युनिकेशन सेंटर से मतगणना के संबंध में अद्यतन जानकारियाँ लगातार उपलब्ध कराई गईं। ईव्हीएम की मतगणना पूरी होने के बाद 5 मतदान केन्द्रों की व्हीव्हीपैट मशीनों की पर्ची का मिलान मतगणना से किया गया। प्रेक्षकों द्वारा अनुसंशा के बाद परिणाम घोषित किया गया। रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड, आईजी एमएस सिकरवार तथा डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने भी मतगणना केन्द्र में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मतगणना केन्द्र में केवल अधिकृत प्रवेश पत्रधारियों को ही परिसर में प्रवेश दिया गया। वाहनों को भी जाँच-पड़ताल के बाद परिसर में प्रवेश दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतगणना प्रक्रिया की लगातार निगरानी की। अधिक तापमान को देखते हुए मतगणना केन्द्र शीतल पानी एवं शीतल पेय पदार्थों की समुचित व्यवस्था की गई। कलेक्टर ने मतगणना कक्षों का लगातार भ्रमण किया। मतगणना के दौरान आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले तथा सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात रहे। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल के नेतृत्व में मतगणना केन्द्र परिसर में सुरक्षा बलों एवं यातायात कर्मियों की तैनाती रही।

# चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई मतगणना





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मे हुये मतदान पश्चात इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज मतो की गणना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 मतगणना स्थल पर 4 जून को प्रातः 8 बजे से चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा, भारत निर्वाचन आयोग के मतगणना प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार, प्रभाष कुमार उकिल, केआर पटेल, अनूप ठाकुर की उपस्थिति में समस्त विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने ठीक प्रातः 6 बजे अभ्यर्थी और उनके निर्वाचन अभिकर्ता के समक्ष स्ट्रांग रूम की सील और स्ट्रांग रूम खोला। प्रातः 8 बजे से मतगणना केंद्रों में सतना विधानसभा क्षेत्र के गणना कक्षों की 4 टेबिल पर डाक मतपत्रो की गणना की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसके ठीक आधे घंटे के बाद मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम से ईवीएम की कंट्रोल यूनिट मतदान केन्द्रवार क्रम संख्या से गणना कक्षो में लाई गई एवं ईवीएम में दर्ज मतों की गणना शुरु की गई।

प्रत्येक चक्र के पश्चात सहायक रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा उस चक्र की गणना में अभ्यर्थीवार प्राप्त मतो की संख्या कक्ष के सूचना चार्ट पर अंकित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े सहित प्रशासिनक और पुलिस अधिकारियों ने पूरे दिन मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं शांति व्यवस्था पर अपनी नजर बनाए रखी। रिटर्निंग ऑफीसर लोकसभा अनुराग वर्मा ने कुल 16 राउंड की मतगणना की पश्चात डाक मतपत्रों सहित अभ्यर्थियों को कुल प्राप्त मतो की उद्घोषणा करते हुए विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। मतगणना के दौरान कलेक्टर मैहर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, विक्रम सिंह मतगणना के पूरे समय उपस्थित रहे।

## नमामि गंगे अभियान

## विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशमी तक चलेगा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हो रहे जल संरक्षण-संवर्धन के विशेष अभियान "नमामि गंगे अभियान" 5 जून से प्रारंभ हो रहा है। पारंपरिक देशज दृष्टि और संस्कार के अनुरूप जल तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहते हुए वैज्ञानिक दृष्टि से जल के औषधतत्व, उसकी सार्वभौमिकता को प्राथमिकता आधारित "नमामि गंगे अभियान" विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2024) से गंगा दशमी (16 जून 2024) तक चलेगा। जल संवर्धन और संरक्षण के लिये आमजन को प्रेरित करने के लिये विविध गतिविधियों का सफल रि यान्वयन कर अभियान को भव्य बनाया जाएगा।

नमामि गंगे विशेष अभियान में जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाएंगे। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाएगा। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टतः निर्धारण किया जाएगा। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी। जल संरचनाओं के किनारे पर यथा संभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी।

नमामि गंगे अभियान में प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों (नर्मदा, चम्बल, ताप्ती, सोन, बेतवा, तवा, क्षिप्रा, केन, सिंधु, पार्वती, टोंस आदि) और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं (तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि) के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान चलेगा। इसमें प्रमुख नदियों एवं जल स्त्रोतों के निकट धार्मिक स्थानों, तीर्थ स्थलों, मेले एवं पुरातात्विक सम्पदाओं पर वृहद साफ सफाई, सजावट तथा लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों/भजनों से लोक रुचि के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

विशेष अभियान में प्रदेश की लगभग 212 नदियों, जल संरचनाओं और जो पारंपरिक जलस्त्रोतों का सैटेलाइट मैपिंग करवा कर प्राचीन वांग्मय, परंपरा, लोक आख्यान के संदर्भों के साथ सर्वे आधारित दस्तावेजी ग्रंथ प्रकाशित किए जाएंगे। नदियों के सांस्कृतिक एवं पारम्परिक और वांग्मयी तथा लोक साहित्य अध्ययन एवं नदियों, ऐतिहासिक पारम्परिक जल संरचनाओं को सतत प्रवाह्मान रहने के लिए सुझाव लिये जाएंगे। साथ ही इंजीनियरिंग पक्ष का अध्ययन, फोल्डर निर्माण, बुकलेट, विषय संबंधी लेख भी प्रकाशित कराये जाएंगे। विशेष अभियान में ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं को अतिर मण से मुक्त कराया जाएगा। साथ ही ऑडियो-विडियो सीडी का लोकार्पण किये जाएंगे।

जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यर मों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें। यह भी निर्देशित किया गया है कि जल स्रोतों के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जायेगी। इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

## प्रार्थना अस्पताल रीवा में प्रसूता की मौत पर हंगामा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर के प्रार्थना अस्पताल में मंगलवार को प्रसूता की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ है। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन में गलत जानकारी और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान उनकी मौत चिकित्सकों के द्वारा सही इलाज न हीं करने के कारण हुई है। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज के अत्यधिक रक्त स्त्राव होने के उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सीधी निवासी सुमन शर्मा पत्नी सुनील शर्मा को 29 मई को प्रसव के लिए प्रार्थना अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद प्रसव उपरांत जच्चा और बच्चा दोनों स्वास्थ्य थे। बावजूद उसे आईसीयू में रखकर लगाकर दवाइयों का डोज देते रहे। इसके कारण उसे रक्त स्त्राव होने लगा। इसके लिए सोमवार की रात को ऑपरेशन हुआ, जहां ऑपरेशन के दौरान ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उसकी मौत हो जाने बाद बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी नहीं दी बल्कि और अधिक दवाइयां मांगते रहे। सुबह पूरा भुगतान होने के बाद उसके मौत की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने अस्तपाल में हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि उनका मरीज स्वास्थ्य था, लेकिन एक और आपरेशन की आवश्यकता बताई है जिसके के दौरान उसकी मौत हो गई। बता दें कि गत माह भी प्रार्थना अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई थी। अस्पताल में लगातार मरीजों की मौत के बाद अब अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं।

## संपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने पर प्रशासन ने प्रकट किया आभार

**सतना निप्र।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिले के समस्त अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, मीडिया प्रतिनिधियों, नागरिकों तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।